



# तरुण छत्तीसगढ़


e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 36 अंक 54 | कोरबा, सोमवार, दिनांक 25 नवंबर 2024 डाक 26 नवंबर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
विदेश मंत्री एस. जयशंकर का इटली के रोम में राजदूत वाणी राव और विदेश मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया



**देश-विदेश**
उद्धव गुट पर भारी पड़ी शिंदे की सेना, आर-पार की लड़ाई में 36 सीटों पर मारी बाजी



**फीचर पेज**
केरल की यह अद्भुत जगह देख भूल जाएंगे मुन्नार और वायनाड




## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले का इस्तीफा

**मुंबई, 25 नवंबर [एजेंसी]।**



महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में महा विकास अघाड़ी की हार के बाद ऐसी खबरें चल रहीं थी कि नाना पटोले ने महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, महाराष्ट्र कांग्रेस कमेटी ने इन खबरों का पूरी तरह से खंडन कर दिया है। एमपीसीसी ने कहा कि ये खबरें झूठी हैं और दुर्भावनापूर्ण तरीके से फैलाई जा रही हैं। मौजूदा महायुति ने महाराष्ट्र चुनावों में 235 सीटें और 49.6 फीसदी वोट शेयर हासिल करते हुए बंपर जीत दर्ज की थी। वहीं महाविकास अघाड़ी 49 सीटों और 35.3 फीसदी वोटों के साथ बहुत पीछे रह गई। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने 2021 में बालासाहेब थोराट की जगह महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष का पद संभाला था।

उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने 2024 के लोकसभा चुनावों में बेहतर जीत हासिल की थी। इसमें उन्होंने 17 सीटों पर चुनाव लड़ा और 13 सीटों पर जीत हासिल की। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि नव-निर्वाचित महायुति सरकार अपने चुनावी घोषणापत्र और अभियान भाषणों में किए गए वादों को पूरा करे।

## संसद सत्र से पहले पीएम मोदी का विपक्ष पर निशाना ‘मुट्ठी भर लोग हुड़दंग करते हैं, जनता सजा भी देती है’

**☛ जिन्हें जनता ने 80 बार नकारा वो संसद का काम रोकते हैं**

**नईदिल्ली, 25 नवंबर [एजेंसी]।**

संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो गया है। यह सत्र 20 दिसंबर तक चलेगा। कांग्रेस मणिपुर हिंसा, संभल में हिंसा और दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण पर चर्चा करने पर अड़ा हुआ है। ऐसे में सदन में हंगामा होना तय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद पहुंचे गए हैं। संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले पीएम मोदी ने संसद परिसद से देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा, जिन्हें जनता 80 बार नकार चुकी है, वो संसद का काम रोकते हैं। दुर्भाग्य से कुछ लोगों ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए संसद को कंट्रोल करने की कोशिश की है।



पीएम मोदी ने आगे कहा कि मुट्ठी भर लोगों की हुड़दंगबाजी से सदन को कंट्रोल करने की कोशिश की जाती है। उनका अपना मकसद तो संसद की गतिविधि को रोकने से सफल होता नहीं। लेकिन उनकी ऐसी हरकतें देखकर जनता उन्हें नकार देती है। पीएम मोदी ने कहा कि इन लोगों को 80-90 बार जनता नकार चुकी है। उन्होंने आगे ये भी कहा, आज विश्व भारत की तरफ बहुत आशा भरी नजर से देख रहा है। इसलिए हमें संसद के समय का उपयोग वैश्विक स्तर पर भी भारत के बढ़े हुए सम्मान बल प्रदान करने में करना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि ऐसे हुड़दंगियों को जनता सजा देती है। इन्हें जनता देख रही है। ऐसे लोग लोकतंत्र का सम्मान नहीं करते। कुछ लोग न काम करते हैं न करने देते हैं। विपक्ष जनता जनार्दन की भावना का सम्मान करे।

## संभल हिंसा पर गरमाई सियासत, विपक्ष ने सरकार पर फोड़ा ठीकरा, अखिलेश ने सुप्रीम कोर्ट से की संज्ञान लेने की मांग





**लखनऊ, 25 नवंबर [एजेंसी]।**

संभल में जामा मस्जिद के सर्वेक्षण को लेकर हुई हिंसा व आगजनी के लिए विपक्ष ने सरकार को दोषी ठहराया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि उपचुनाव में वोटों की लूट से लोगों का ध्यान हटाने के लिए सरकार ने संभल में बवाल करा दिया है। उन्होंने सवाल किया कि जब एक बार मस्जिद का सर्वेक्षण हो चुका था तो दोबारा इसकी क्या जरूरत थी। संभल में हुए बवाल को लेकर उन्होंने सरकार व पुलिस को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट करके सुप्रीम कोर्ट से मामले का संज्ञान लेने की मांग की है।

उन्होंने लिखा है कि जो लोग मौके पर सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने के उद्देश्य से नारेबाजी करने वाले लोगों को साथ लेकर गए थे, उनके विरुद्ध शांति व सौहार्द बिगाड़ने का मुकदमा दर्ज किया जाए। साथ ही बार एसोसिएशन भी अनुशासनात्मक कार्रवाई करे। बसपा अध्यक्ष मायावती ने संभल में हुए बवाल पर कहा कि सर्वे के दौरान जो हुआ उसके लिए शासन-प्रशासन पूरी तरह से जिम्मेदार है। संभल में दोनों पक्षों को साथ में लेकर यह कार्य शांतिमय ढंग से किया जाना चाहिए था, जो नहीं किया गया। उन्होंने संभल के लोगों से शांति व्यवस्था बनाने रखने की अपील की है।

## बोलेरो और बस की टक्कर में 5 की मौत, 4 घायल

**हरदोई, 25 नवंबर [एजेंसी]।**



हरदोई जिले के मल्लावां थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। गोराई चौराहे पर सुबह करीब 3 बजे बोलेरो और एक निजी बस की जोरदार टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी के मुताबिक, कानपुर से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने गोराई चौराहे पर खड़ी एक निजी बस को टक्कर मार दी। कार सवार लोग एक शादी समारोह से वापस आ रहे थे और बस में भी बाराती लोग थे। यह टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। चार घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इस दुर्घटना के बारे में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी नृपेंद्र कुमार ने बताया, थाना मल्लावां से यह सूचना मिली की गोराई चौराहे के पास एक बोलेरो शादी समारोह से वापस लौट रही थी। यह गाड़ी अनियंत्रित होकर बारातियों को लेकर लौट रही एक बस से टकरा गई।

दोनों की भीषण टक्कर में पांच लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने जानकारी दी कि सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ कर दिया गया। घटना में घायल चार लोगों को तत्काल इलाज हेतु लखनऊ हायर किया गया है। इसमें से किसी को कोई गंभीर चोट नहीं पहुंची है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## भीषण सड़क हादसा, कार सवार दो लोगों की मौत

**फरीदकोट।** पंजाब के फरीदकोट में भीषण सड़क हादसा हुआ है। यहां एक तेज रफ्तार कार की ट्रैक्टर ट्रॉली से टक्कर हो गई, जिसमें कार सवार दो लोगों की मौत हो गई। मामला फरीदकोट के सादिक राज मार्ग का है। बताया जा रहा है कि रविवार देर रात एक कार धान की बोरियों से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए और इस हादसे में दो लोगों की जान चली गई। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। साथ ही उन्होंने एक घायल शख्स को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

## संभल विवाद में यूपी सरकार का रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण, सुप्रीम कोर्ट ले संज्ञान: प्रियंका गांधी वाड्रा

**संभल, 25 नवंबर [एजेंसी]।**



यूपी के संभल जिले में शाही जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर हुई हिंसा के दौरान चार लोगों की मौत हो गई है। इस हिंसा पर अब कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने प्रदेश की जनता से शांति बनाए रखने की अपील की है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए यूपी सरकार से कड़े सवाल किए।

उन्होंने लिखा, संभल, उत्तर प्रदेश में अचानक उठे विवाद को लेकर राज्य सरकार का रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इतने संवेदनशील मामले में बिना दूसरा पक्ष सुने, बिना दोनों पक्षों को विश्वास में लिए प्रशासन ने जिस तरह हड़बड़ी के साथ कार्रवाई की, वह दिखाता है कि सरकार ने खुद माहौल खराब किया। प्रशासन ने जरूरी प्रक्रिया और कर्तव्य का पालन भी जरूरी नहीं समझा। उन्होंने आगे कहा, सत्ता में बैठकर भेदभाव, अत्याचार और फूट फैलाने का प्रयास करना न जनता के हित में है, न देश के हित में। माननीय सुप्रीम कोर्ट को इस मामले का संज्ञान लेकर न्याय करना चाहिए। प्रदेश की जनता से मेरी अपील है कि हर हाल में शांति बनाए रखें।








स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा



# आउटसोर्सिंग कंपनियों के कामगारों की बैठक आयोजित

## कोयला खदानों में ठेका श्रमिकों के अधिकारों की लड़ाई-छत्तीसगढ़ में जागरूकता अभियान तेज

कोरबा। छत्तीसगढ़ ठेका कामगार यूनियन ने कोयला खदानों और आउटसोर्सिंग कंपनियों में काम कर रहे ठेका श्रमिकों के अधिकारों और सामाजिक सुरक्षा के लिए बड़ा अभियान छेड़ दिया है यूनियन का उद्देश्य है कि सालों से खनन और ओबी हटाने जैसे जोखिमपूर्ण कार्यों में लगे ठेका श्रमिकों को स्थानीय रोजगार का अधिकार दिलाया जाए इसी क्रम में गेवरा, दीपका और कुसमुंडा क्षेत्रों में जागरूकता बैठकों का आयोजन किया गया ।

यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष चौहान ने जानकारी दी कि केंद्रीय श्रम सलाहकार बोर्ड और श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सिफारिशों के अनुसार कोल इंडिया लिमिटेड ने 2013 में अपने सभी अधीनस्थ कंपनियों को ठेका श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी और अन्य सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था इसके बावजूद *एसईसीएल साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड* अंतर्गत खदानों में इन नियमों का पालन नहीं हो रहा है ।

उन्हेंने आरोप लगाया कि एसईसीएल और आउटसोर्सिंग कंपनियों की मिलीभगत से श्रमिकों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही के कारण ठेका श्रमिकों को उनके वाजिब अधिकार और सुविधाएं नहीं मिल रही हैं 1988 में केंद्र सरकार ने कोयला उत्खनन और ओबी हटाने जैसे कार्यों में ठेका श्रमिकों को प्राथमिकता देने का आदेश पारित किया था इसके तहत श्रमिकों को *एनसीडब्ल्यू नेशनल कोल वेज एग्रीमेंट* के अंतर्गत लाने की सिफारिश की गई थी लेकिन आज तक इस आदेश का पालन नहीं हो पाया है ।

संतोष चौहान ने कहा कि कोल इंडिया में स्थानीय श्रमिकों की संख्या तेजी से घट रही है लगभग सभी कार्य आउटसोर्सिंग और ठेका प्रथा के तहत कराए जा रहे हैं, जिससे स्थानीय मजदूरों को भारी नुकसान हो रहा है

ठेका कामगार यूनियन ने खदानों में कार्यरत श्रमिकों को संगठित करने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का बीड़ा उठाया है यूनियन न केवल कानूनी लड़ाई लड़ने की तैयारी में है, बल्कि श्रमिकों के साथ मिलकर सड़क पर आंदोलन तेज करने का भी ऐलान किया है । यूनियन के अभियान का उद्देश्य केवल कानूनी और श्रम अधिकारों तक सीमित नहीं है इसका बड़ा मकसद ठेका श्रमिकों को मानवीय सम्मान और सामाजिक सुरक्षा दिलाना है परिवारों पर बढ़ते आर्थिक दबाव, बच्चों की शिक्षा और बेहतर जीवनयापन के अधिकार जैसे मुद्दे यूनियन के संघर्ष का मुख्य हिस्सा हैं ।

## जिले में सांसद का प्रतिनिधित्व करेंगे प्रशांत मिश्रा

### जिला योजना और सांसद निधि के कार्यों की प्रगति की भी जिम्मेदारी

**कोरबा ।** लोकसभा क्षेत्र से लगातार दूसरी बार निर्वाचित सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने कोरबा जिले जिला योजना समितियों सहित कलेक्ट्रेट कोरबा में होने वाली बैठकों के साथ-साथ सांसद निधि के कार्यों की प्रगति के लिए पाली के युवा नेता व पीसीसी के महासचिव प्रशांत मिश्रा को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। निवृत्तमान सांसद व पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री व छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के प्रतिनिधि रहे प्रशांत मिश्रा को सांसद ज्योत्सना महंत ने अहम जिम्मेदारी सौंपते हुए कलेक्टर को जारी पत्र में कहा है कि प्रशांत मिश्रा को जिला कोरबा में होने वाली बैठकों में आमंत्रित करने व प्रगति से सांसद कार्यालय सहित प्रतिनिधि को अवगत कराने पत्र प्रेषित किया है। बता दें कि कांग्रेस नेता प्रशांत मिश्रा के प्रतिनिधि बनाए जाने पर ग्रामीण क्षेत्र के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सांसद का आभार जताते हुए कहा है कि जिला मुख्यालय से दूरस्थ वनांचल व ग्रामीण क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों को सांसद के समक्ष अपनी बात रखने के लिए प्रशांत मिश्रा को बतौर प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है जिससे जनहित के मुद्दों को सांसद के समक्ष रखने के लिए उचित माध्यम मिलेगा।

## कमला नेहरु महाविद्यालय में पहले वर्ष के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं के लिए स्वागत समारोह किया गया आयोजित

कोरबा । एक शिक्षक की जिम्मेदारियां क्या होती हैं, अगले दो साल आप सिर्फ यही सीखेंगे। आप में से ज्यादातर युवा कल एक काबिल शिक्षक की भूमिका में होंगे और समाज के पथ प्रदर्शन होंगे। आप एक अच्छे शिक्षक तभी बन सकते हैं, जब अपने विद्यार्थियों और अपनी संस्था का हित करने में कुशल होंगे। इसलिए सबसे पहले स्वयं जागरुक बनें, अपने अधिकारों को जाने और तभी आप अपने विद्यार्थी को उसके हित और अधिकारों के प्रति जागृत करने में सक्षम बन सकेंगे।

उक्त कथन शिक्षा संकाय में आयोजित बैचलर आफ एजुकेशन (बीएड-प्रथम वर्ष) के पहले वर्ष में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित स्वागत समारोह में कमला नेहरु महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर ने कहीं। उन्होंने प्रथम वर्ष के नवीन विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए आगे कहा कि आप अपनी संस्था के हित की सोच रखेंगे, तो आप स्वयं के हित की कला में माहिर बन सकते हैं। इसलिए अभी तो बस सीखना होगा और कड़ी मेहनत कर खूब सीखना होगा। सीखने के लिए अपने शिक्षकों से पूछिए, सवाल कीजिए और जिज्ञासाओं से भरे अपने मन-मस्तिष्क को जागृत करें। आपके माता-पिता या अभिभावकों ने जिस उद्देश्य से आपके यहां भेजा है, अपनी जरुरतों से समझौता कर आपको उच्च शिक्षित बनाने का सपना उन्होंने देखा है, उसका सम्मान करें और उन उम्मीदों पर खरा उतरकर अपने लक्ष्य को हासिल करें। आपको अपने हाथ बढ़ाना होगा और आपको सिखाने के लिए कमला नेहरु महाविद्यालय के शिक्षक हर संभव प्रयास के लिए तत्पर मिलेंगे।

शिक्षकों का रोचक परिचय दे प्रस्तुत किए आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम शिक्षा संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. अब्दुल सत्तार के मार्गदर्शन एवं शिक्षा संकाय के समस्त प्राध्यापकों के सहयोग में आयोजित कार्यक्रम में बीएड प्रथम वर्ष के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के समक्ष द्वितीय वर्ष के सीनियर विद्यार्थियों ने शिक्षा संकाय के शिक्षकों का परिचय बड़े ही रोचक अंदाज में किया गया। सीनियर व जूनियर्स ने अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करते हुए सुंदर गीत, व्यंग, नृत्य-संगीत और शेरो-शायरी से कार्यक्रम में समां बांधा। इसके बाद सीनियर-जूनियर्स के बीच परिचय का सिलसिला शुरु हुआ और अंत में दोपहर भोज का भी सबने आनंद लिया।



## स्वास्थ्य सेवा दे रहीं महिलाओं को किया गया सम्मानित

बाकीमोंगरा। ग्राम पंचायत अरदा में मितानिन दिवस पर स्वास्थ्य केंद्रों के साथ ही गांव में स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक कर रही महिलाओं को सम्मानित किया गया। सुमन कार्यक्रम के तहत मातृत्व, गर्भवती महिलाओं की देखभाल को लेकर योगदान देने 30 मितानिन, समूह की महिलाओं और सरपंच, सुमन वॉलिंटियर्स को सुमन चैंपियन अवार्ड स्मृति चिन्ह और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रंजना तिर्की, सुनीता जांगड़े, ओमप्रकाश डिक्सेना, लीला पील्ले, सरपंच श्रवण कुमार, प्रशिक्षक रेखा पटेल, कौशल्या यादव, अमृत कंवर, अनसूइया शांडिल्य उपस्थित थे।

## कोरबा-कुसमुंडा मार्ग में दो बाइक में हुई भिड़ंत

कोरबा । कोरबा जिले के कोरबा-कुसमुंडा मार्ग अंतर्गत 6 नंबर वेरियर के पास दो बाइक में भिड़ंत हो गई। जिसके बाद दोनों वाहन चालक सड़क पर ही लहुलुहान अवस्था में पड़े रहें।

उक्त रास्ते से गुजर रहे एसईसीएल कुसमुंडा कर्मियों ने घायलों को अपने पिकअप वाहन से विकास नगर अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा हैं की बाइक चालक गंभीर घायल है। प्राथमिक इलाज उपरांत घायतों को कोरबा अस्पताल ले जाया गया है। हेलमेट नहीं पहनने की वजह से घायलों को सिर पर चोट लगी है। घायलों में से एक की पहचान वकील खान के रूप में की गयी हैं। कोरबा-कुसमुंडा मार्ग की स्थिति सुधरने के बाद बाइक रेसिंग करने वालों की बल्ले-बल्ले हो गई है, उनकी बेलगाम रफ्तार के कारण स्वयं के साथ-साथ अन्य लोगों की भी जान पर बन आ रही है। वहीं बाइक में चलने वाले लोग हेलमेट नहीं लगाते, जिस वजह से लोगों के सिर में चोट लग रही है और वे जान भी गंवा रहें हैं।

## जन आरोग्य समिति की बैठक में पार्षद शामिल

कोरबा । अंचल में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोहड़िया में जन आरोग्य समिति की बैठक आहूत हुई। इस अवसर पर वार्ड 16 के पार्षद एवं भाजयुमो महामंत्री नरेंद्र देवांगन ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए जनता को मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तार से जानकारी ली।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों की आवश्यकता के अनुसार उपलब्ध संसाधनों के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए उन्होंने जरूरी व्यवस्थाओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि उपचार के लिए जिन सुविधाओं की दरकार हो, उन्हें पूरा किया जाएगा। खासकर आम जनता की अच्छी सेहत के लिए संचालित शासन की योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। केंद्र में आने वाला कोई भी मरीज असुविधा के चलते परेशान न हो। पार्षद श्री देवांगन केंद्र में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों की समस्याओं और जरूरतों से भी अवगत हुए। समस्याओं को यथाशीघ्र दूर करने का आश्वासन दिया।

# पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने खिलाड़ियों को सीख हार और जीत कभी भी स्थाई नही होती





कोरबा। नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 29 पोड़ीबहार में पार्षद प्रदीप जायसवाल द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन आज रविवार को पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। विजेता टीम को अतिथियों ने पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम के संयोजक वार्ड पार्षद प्रदीप राय जायसवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने भाग लिया था। यह प्रतियोगिता आयोजन का दसवां वर्ष है।

क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतिम दिन फायनल मैच के दौरान सर्वप्रथम मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने टास कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता का खिताबी मुकाबला यादव इलेवन व लिजिन्ड्री इलेवन के बीच खेला गया। जहां लिजिन्ड्री इलेवन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवरों में 112 रन बनाए, वहीं इस लक्ष्य का पीछा करते हुए यादव इलेवन की टीम ने मात्र 9 ओवरों में एक विकेट खोकर खिताब अपने नाम कर लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कृत करते हुए कार्यक्रम को संबोधित किया और कहा कि खेल में हार जीत सिक्के के दो पहलू की तरह होते हैं, जहां एक को जीत तथा दूसरे की हार होती है। हारने वाले को हार से हतोत्साहित नहीं होना चाहिए, वहीं जीतने वाले को जीत से अति उत्साहित नहीं होना चाहिए। हार से सबक लेते हुए आगे की तैयारी में जूट जाना चाहिए, वहीं जीतने के बाद भी अपना परिश्रम एवं अभ्यास को जारी रखना चाहिए। विशिष्ट अतिथि महापौर राजकिशोर प्रसाद ने मेन ऑफ द मैच, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज को पुरस्कृत करते हुए कहा कि खेल मैदान में हर एक खिलाड़ी को खेल भावना के साथ मैदान में उतरना चाहिए। खेल में अनुशासन खिलाड़ी को महत्वपूर्ण स्थान दिलाता है। अनुशासन से कोई भी खिलाडी अपनी छबि दर्शकों के दिल तक पहुंचा सकता हैं। प्रतियोगिता को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने में नारायण सिंह ठाकुर, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, बी एस ठाकुर, संजय महराज, उमेन्द्र यादव, पुष्पेन्द्र साहू, राज जायसवाल, संतोष महंत, एन दास सहित वार्ड वासियों का विशेष योगदान रहा है। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 11 हजार एवं उपविजेता टीम को 51 सौ रूपये नगद पुरस्कार के साथ शिल्ड व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति ने मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि महापौर राजकिशोर प्रसाद को पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

## हादसे में बस सहित दो वाहन दुर्घटनाग्रस्त

कोरबा । कोरबा जिले के कोरबी चौकी क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में एक बस और एक वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में कई लोग बाल-बाल बच गए। घटना रविवार को चिरमिरी-कटघोरा मार्ग पर भद्रा चौक में हुई।पुलिस के अनुसार, एक तेज रफ्तार से आ रही कार्गो वाहन ने एक खड़ी बस में जोरदार ठोकर मार दी। ठोकर इतनी जबरदस्त थी कि बस एक होटल में जा घुसी। घटना में बस और वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, लेकिन किसी की भी जान नहीं गई।पुलिस ने बताया कि घटना के बाद चौकी प्रभारी अफसर हुसैन खान ने अपने स्टॉफ के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों वाहनों के चालक को इलाज कराने कोरबी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भेजा और मरहम पट्टी, दवाई कराने के पश्चात दोनों पक्षों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है।कोरबी चौकी का सीमावर्ती क्षेत्र जिले से 140 किलोमीटर होने से एवं पुलिस चौकी से 30 किलोमीटर होने के कारण अपराधी, आराम से अपराध अंजाम देकर पड़ोसी जिले में रफूचक्कर हो जाते हैं।

## 454 लावारिस वाहन की नीलामी आज

कोरबा । कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के द्वारा सभी थाना/चौकियो निर्देशित किया गया था कि उनके थाना/चौकी में काफी संख्या में लावारिस वाहन खड़े है, जिनका निराकरण किया जाना है। जिस संबंध में 25 नवंबर को कटघोरा अनुभाग के थानों में नीलामी की जानी है। जिला पुलिस कोरबा के द्वारा सूचित करते हुए बताया गया हैं कि अधीन थाना-कटघोरा-138, बांकीमोंगरा-32, कुसमुंडा-50, दीपका-193 एवं थाना दर्री-41 में कुल 454 नग लावारिस घोषित दो पहिया/चार पहिया वाहन जो थाना/चौकी/पुसके परिसरों में रखा गया

## गौरा-गौरी पूजा का किया आयोजन



कोरबा-बांकीमोंगरा। बॉकीमोंगरा के ग्राम चाकाबुड़ा में ईशरदेव व गवरा (गौरा) माता का महापर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। गोंडी धर्म संरक्षण समिति ने इशर राजा, इशर रानी का गोंडी संस्कृति अनुसार गौरा-गौरी महापर्व गुरु भगत एवं दुर्गेश्वरी गौरी धर्मचार्य के सानिध्य में बूढ़ादेव गोंडी धर्म संरक्षण समिति ग्राम पंचायत चाकाबुड़ा में मनाया गया। 03 दिनों तक चलने वाले इस पर्व के अंतिम दिन शुक्रवार को ईशर देव व गवरा माता की शादी कराई गई। ईशर देव के बाराती कर्मा, ददरिया, सुआ, रेलो, डंडा व अखरा के साथ जमकर झूमे। रात भर चलने वाले इस आयोजन में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सुबह 06 बजे गांव भ्रमण करते हुए चाकाबुड़ा के शिव मंदिर तालाब में विसर्जित किया गया। गोंडवाना संघ ने दुल्हादेव ईशरदेव और दुल्हादेवी गवरा दाई का पर्व उत्साह और परंपरानुसार मनाया। 03 दिवसीय आयोजन के पहले दिन मंच के नीचे फूल कुचरने के बाद समाज के लोगों ने मन्नातें मांगी। दूसरे दिन ईशर देव व गौरा माई में सभी महिला, पुरुषों ने चांवल चढ़ाया। तीसरे व अंतिम दिन धूमधाम से विवाह की रस्में निभाई गई। कार्यक्रम में जिले के गोंडवाना समाज के लोग शामिल हुए। समाज के लोगों ने शादी के दौरान चूलमाटी निकाली, वहां के देवठाना से मिट्टी लाई गई। इसी मिट्टी से समाज की महिलाओं व पुरुषों ने देव प्रतिमाएं बनाई। फूलों से सजे मंडप में विवाह कराया। कार्यक्रम में गोंडी रीति रिवाज से ईशरदेव व गवरा दाई की शादी हुआ। इस दौरान ईशर राजा, गवरामाता, डड़ैया माता व सिद्धबाबा की प्रतिमा बना कर तेल हल्दी चढ़ाया और भांवर टीकावन के साथ बंदावन किया गया। शादी दौरान होने वाली नेंग दस्तूर भी रीति-रिवाज के साथ किया गया। इसके बाद सगरी स्नान के बाद प्रतिमा विसर्जित कि गई । समाज एवं गांव के लोगों ने झूमते नाचते गाते गांव के तालाब में विसर्जन किया।

## आदर्श सर्वसमाज कल्याण संगठन ने कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन को सौंपा ज्ञापन

### आम जनता की मूलभूत सुविधाओं की रखी मांग

कोरबा। आदर्श सर्व समाज कल्याण संगठन, छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त अशासकीय व गैर राजनीतिक संगठन ने आम जानते के मूलभूत सुविधा को लेकर वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमे बालको नगर के शहीद वीर नारायण सिंह कल्याण केंद्र भद्रापारा पाडी़मार वार्ड क्रमांक-36 के समीप सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण हेतु आवेदन दिया गया। रामपुर क्षेत्र वार्ड क्रमांक-20 संगम नगर बेला कछार के पास पुल निर्माण नहीं होने के कारण आम जनता एवं विद्यालयीन छात्रों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में उनका आना-जाना बंद हो जाता है। निहारिका, कोसाबाडी अग्रवाल पेट्रोल पंप के समीप वार्ड क्रमांक-19 गोंड समाज के देवालय परिसर स्थापित है। गोंड समाज के द्वारा पूजा पाठ निरंतर किया जा रहा है, उक्त देवालय परिसर के पास सामुदायिक भवन निर्माण करने हेतु आवेदन दिया गया। साथ ही निहारिका, पोड़ी बाहर कोरबा वार्ड क्रमांक 29 आदर्श नगर कंवर समाज भवन के पीछे सड़क नहीं होने के कारण पानी भराव की स्थिति बनी रहने की समस्या से अवगत कराया।

ज्ञापन सौपने ने श्रीमती जे.बी. कारपे, जिला अध्यक्ष नरेंद्र देवांगन, महासचिव सर्जुन सिंह जगत, मोहम्मद जावेद अली, यशवंत खुशरो, फूल सिंह नेताम, परमानंद सिंह, श्रीमती गायत्री साहू, रामेश्वरी साहू, रूपेश कुमार जगत, अनिल नागवंशी, राजकुमार पैकरा, सुखराम सिदार, आनंद राम, मीरा दीवान, गौतम दास, कबीर दास, मास्टर संकल्प, केजा राम, डॉक्टर एम. सिंह, सरोज जगत, रुपेश, गणेश खड़िया, धनु लता, सरस्वती, राधा, किरण, अनीता, हेमलता, पार्वती आदि उपस्थित रहे।

## धर्मांतरण की सूचना पर पहुंचे हिंदू संगठन के लोग

कोरबा। कुसमुंडा क्षेत्र के गंगानगर में एक परिवार का धर्मांतरण करने की सूचना पर हिंदू संगठन के लोगों ने पहुंचकर आपत्ति जताई। साथ ही पुलिस से शिकायत की। रविवार को कुसमुंडा थाना अंतर्गत गंगानगर के एक व्यक्ति के यहां उसी गांव के कुछ हिंदू परिवार का धर्मांतरण करने की सूचना हिंदू संगठनों तक पहुंची। विश्व हिंदू परिषद के दीपका नगर मंत्री ओम प्रकाश त्रिपाठी ने अन्य पदाधिकारियों को सूचना देकर मौके के लिए रवाना किया। इसके बाद विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल दीपका नगर संयोजक अभिषेक यादव, कुसमुंडा के सहयोगी योगेन्द्र यादव व उनके सहयोगी वहां पहुंचे। सूचना पर कुसमुंडा पुलिस भी मौके पर पहुंची। मामले में थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है।

## कथक नृत्य में विशिष्ठा ने पहला स्थान हासिल किया




कोरबा। मधुगुंजन शृंगार रायगढ़ के तत्वावधान में नगर निगम के ऑडिटोरियम में आयोजित कथक नृत्य प्रतियोगिता में विशिष्ठा श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान हासिल किया। नन्ही कथक नृत्यांगना ने अपने मनमोहक नृत्य से सबका मन मोह लिया। इंदिरा गांधी कला व संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से कथक में गोल्ड मेडलिस्ट प्रीति चंद्रा से विशिष्ठा शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। इसके पहले विशिष्ठा नेशनल अवार्ड जीतकर जिले का नाम रोशन कर चुकी है। उनके पिता विजय श्रीवास्तव डीएसपीएम पावर प्लांट में कार्यरत हैं। मां रितिका श्रीवास्तव शिक्षिका हैं।

## चेतावनी के बावजूद आबादी वाले क्षेत्रों में बेचा जा रहा जीवजन्तुओं का मांस,लोग परेशान

कोरबा । अंचल में खुले में बिक रहे मांस एवं मांस के उत्पादकों से जनजीवन को स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की चिंता सताने लगी है। आरोप लगाते हुए बताया जा रहा हैं की नियमों को ताक पर रख विक्रेता छोटे ठेले एवं सड़क किनारे खुले में मांस बेचने का कार्य कर रहे है। जिससे स्वास्थ्य संबंधी बीमारीयो का खतरे के साथ लोगों को दुर्गंध एवं स्वच्छता का अभाव भी अंचल में देखने को मिल रहा है।

जानकारी के अनुसार अंचल के आईटीआई चौक से बालको जाने वाले मुख्य मार्ग में प्रतिदिन खुले में सड़क किनारे मांस का क्रय किया जा रहा है। जिसमें नियमों को ताक पर रख प्रतिदिन खरीदी-बिक्री की जा रही है। सड़को पर से उड़ने वाली धूल मांस मछली पर जाकर लगती है, ऐसे में उन्हें खाने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ता है। व्यापारी पुराने बोरे के ऊपर रखकर मांस एवं मांस के उत्पादकों की बिक्री करते है। इनके पास न तो उसे ढकने की कोई व्यवस्था होती है न ही रेफ्रिजरेशन के कोई सुरक्षित उपाय, जिससे मांस के गुणवत्ता पर भी सवाल उठते है।

बताया जा रहा हैं की दूसरी ओर शहर के इतवारी बाजार में भी यह आलम देखने को मिलता है जहां खुले आम पशु वध एवं मांस बेचने का कार्य किया जाता है। उक्त क्षेत्र में यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। जिसका लोगो ने विरोध भी समय-समय पर किया है। मगर अब तक उन्हें दुर्गंध एवं अस्वच्छता से निजात नहीं मिल पाई, इसी क्रम में अंचल के पी.जी. कालेज रोड में स्थित दयानंद पब्लिक स्कूल के सामने में भी मछली की बिक्री का कार्य कुछ लोगों द्वारा सड़क किनारे खुले में किया जाता है। जिस स्थान पर यह दुकानें लगती है उससे महज कुछ ही दूरी पर कोरबा वनमंडल अधिकारी का कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सहित जिला अस्पताल भी संचालित है। इसके उपरांत भी बेधड़क यह दुकानें उक्त स्थान पर लगती है। मांस का सेवन न करने वाले शाकाहारी लोगों के लिए इन स्थानों से गुजरने में दिक्कतें उठानी पड़ती हैं।

## 50 हाथियों का दल कोरिया जिले की सीमा के पास पहुंचा

कोरबा। वन मंडल कटघोरा में घूम रहा 50 हाथियों का झुंड रविवार को कोरिया जिले की सीमा पर पहुंच गया है। हाथी धान की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसकी वजह से ग्रामीण भी निगरानी करने में लगे हुए हैं। हाथियों का झुंड पसान और केंदई रेंज के बीच से पनगवां होते हुए आगे बढ़ रहा है। यह क्षेत्र सिरमिना सर्किल में आता है। हाथियों के आगे बढ़ने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। शाम को हाथी अलग-अलग झुंड में घूमते हैं। एक दंतैल हाथी पिपरिया के नाले में पानी पीता हुआ नजर आया। केंदई रेंजर अभिषेक दुबे ने बताया कि हाथी आगे बढ़ सकते हैं और वापस भी आ सकते हैं। इसकी वजह से टीम निगरानी कर रही है।



## अधिवक्ताओं का सम्मान होगा संविधान निर्माण दिवस पर

**जांजगीर।** भारतीय संविधान निर्माण दिवस 26 नवंबर पर भारतीय संविधान निर्मात्री सभा के पूर्ण कालिक सदस्य बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल की स्मृति में स्थापित मेमोरियल अकादमी द्वारा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस वर्ष जिला एवं सत्र न्यायालय जांजगीर चांपा के नवनियुक्त लोक अभियोजक संदीप सिंह बनाफर, अतिरिक्त लोक अभियोजक केदार नाथ कश्यप, विशेष लोक अभियोजक चंद्रप्रताप सिंह, मनोज कुमार मिश्रा, धीरज शुक्ला, योगेश कुमार गोपाल का सम्मान किया जाएगा।

### अंधकार पर नहीं मिल सकी विजय

**जांजगीर।** ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों को रोशन करने के लिए हाईमास्ट सोलर लाइट लगाई गई है, लेकिन लाइट की गुणवत्ता व रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। माह भर पहले ग्राम मुलमुला-बिलासपुर मार्ग पर त्रिमूर्ति चौक के पास हाईमास्ट सोलर लाइट लगवाई गई है। लाइट बंद पड़ गई है। सोलर लाइट में शुरुआत से ही परेशानी आ रही है। रात के समय लाइट दो से चार घंटे बाद बंद हो जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि लाइट की रोशनी कापी फीकी है। शिकायत करने बाद भी सुधार करने एजेंसी द्वारा ध्यान नहीं जा रहा है।

# आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती में गड़बड़ी, मामले में जांच की मांग

**मालखरौदा।** आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती में अनियमितता बरतने का आरोप लगाकर परियोजना अधिकारी व जनपद पंचायत मालखरौदा के सीईओ से शिकायत की गई है। महिला व बाल विकास विभाग परियोजना कार्यालय मालखरौदा ने झर्रा के बीच बस्ती तौलीपाली व शेरों के भाठापारा, भडोरा के भद्रीपारा और माहुलदीप के भाठापारा 2 में सहायिका भर्ती के लिए 5 सितंबर को विज्ञापन जारी किया था। आवेदन 9 सितंबर से 23 सितंबर तक बुलाया गया था। मेरिट लिस्ट बनाने के बाद 18 नवंबर को दावा आपत्ति के लिए आवेदन मंगाए गए हैं। आवेदन 27 नवंबर तक दिया जा सकता है। इसके लिए मेरिट सूची महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना कार्यालय में लगा दी गई है।

मेरिट सूची देखने के बाद तौलीपाली की आवेदिका प्रभा जयंती ने अन्य आवेदिका को गलत तरीके से 15 अंक दिए जाने का आरोप लगाया है। आवेदन में लिखा है कि 15 अंक परित्यक्ता या विधवा महिला को दिया जाता है। इसका उल्लेख भी उनके नाम के मेरिट सूची में है। एक अभ्यर्थी को 15 नंबर दिया गया है, वहां पर ना तो परित्यक्ता संबंधी कुछ लिखा गया है और न ही विधवा होने संबंधी कुछ जानकारी लिखी गई है। ऐसे में उन्होंने फर्जी दस्तावेज की जांच कर निरस्त करने की मांग की गई। साथ ही परियोजना अधिकारी पर सवाल भी खड़े किए। इस संबंध में जब परियोजना अधिकारी मलय धुरंधर कहा कि मौखिक शिकायत मिली थी। जबकि हितग्राही ने 19 नवंबर को लिखित में शिकायत की है।

## रक्तदान कर दूसरों की जिंदगी बचाने किया प्रयास




**जांजगीर।** एनसीसी दिवस के अवसर पर टीसीएल कॉलेज में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर एनएसएस एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन प्राचार्य रमाकांत पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ एम एल पाटले, महेंद्र प्रधान, दीपिका छत्राणि, डॉ सविता पांडे, जिला अस्पताल से पैथोलॉजी की टीम उपस्थित रही। शिविर में कैडेट मयंक राठौड़, रिया शर्मा, मीना धीवर, सीमा रोहिदास,ज्योति कश्यप, डॉ एमआर बंजारे (पूर्व एनसीसी अधिकारी), डॉ पुष्पा सिंह (एसएस अधिकारी) राजकुमारी साहू, डॉ. क्षितिज चौहान द्वारा रक्तदान किया गया। साथ ही नेतृत्व के अन्य विद्यार्थियों ने भी रक्तदान किया। एक भारत सर्वश्रेष्ठ भारत टॉपिक पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 11 कैडेट्स ने सहभागिता निभाई। रंगोली व पेंटिंग में विषय वस्तु रक्तदान था। रंगोली में 20 कैडेट ने भाग लिया, पेंटिंग में 13 कैडेट की सहभागिता रही। सभी कार्यक्रमों का आयोजन डॉ ईश्वरी बृजवासी सूर्यवंशी एनसीसी केयर टेकर के नेतृत्व किया गया। इस अवसर पर कैडेट्स बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

***बलौदा।** नगर पंचायत बालौदा के क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत वार्ड क्र. 15 बुधवारी चौक में रैपिड असेसमेंट सर्वेक्षण के लिए शिविर लगाया गया। इसमें आवास प्रभारी अजय रगड़े, सीएलटीसी आकाश अग्रवाल आर्किटेक्ट के सर्वेयर और वार्ड पार्षद उपस्थित थे। इस शिविर के माध्यम से लोगों योजना और इससे लिए आवश्यक दस्तावेज की जानकारी दी गई है।

# 25 रूपए अतिरिक्त मिलेंगे किसानों को जूट के बोरे लाने पर

**जांजगीर।** जिले में धान खरीदी केंद्रों में धान की खरीदी जारी है। अब खरीदी केन्द्रों में पुराने बारदाने की कमी हो रही है। किसानों से बारदाना में धान मंगाने की तैयारी शुरु कर दी गई है। किसानों के लाए जूट के पुराने बारदाने के बदले प्रति बारदाना किसानों को 25 रुपए दिया जाएगा।

दरअसल हाल ही में खाद्य सचिव अंबलगन पी ने सभी जिलों के कलेक्टरों और संबंधित अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में यह जानकारी दी कि इस वर्ष किसान अपने अच्छे जूट बारदानों का उपयोग धान विक्रय में कर सकते हैं। इसके लिए किसानों को प्रति बारदाना 25 रुपए का अतिरिक्त भुगतान किया जाएगा।

किसानों को जूट बारदाने के इस अतिरिक्त भुगतान की जानकारी समितियों और ग्राम स्तर के प्रभारी अधिकारियों के माध्यम से दिया जाएगा। 25 नवंबर के बाद धान खरीदी में तेजी आएगी। अभी आधे से ज्यादा खरीदी केन्द्रों में बोहनी नहीं हुई है। खरीदी केन्द्रों में रविवार तक सन्नाटा पसरा हुआ था। 23 नवंबर(शनिवार) व 24 नवंबर(रविवार) को केन्द्रों में धान खरीदी बंद थी।

## सेमरा में शार्ट सर्किट से महिला की मौत

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम सेमरा में मिट्टी के घर में सो रही बुजुर्ग महिला की जिन्दा जल गई। शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की आशंका जताई गई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। घटना नवागढ़ थाना क्षेत्र की है।

थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने बताया कि बुधनी बाई 70 वर्ष की आग में जलने से मौत हुई है। मृतका के बेटे विजय कुर्रे ने बताया कि शनिवार की रात खाना खाने के बाद मां खाट में सोई थीं। करीब 11.30 बजे उठा तो देखा कि आग लगी हुई थी।

अंदर जाने की कोशिश की लेकिन आग तेज होने के कारण अंदर नहीं जा सका। घटना की जानकारी आस पास के लोगों को दी और आग को बुझाने का प्रयास किया गया। घटना की जानकारी पुलिस को और फायर ब्रिगेड को दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। घटना स्थल पर जांच के लिए स्नस्रु की टीम को बुलाया गया था।

## भारत माता आरती में पहुंचे पूर्व विकास अधिकारी

**सक्ती।** शहर के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विगत कई महीनों से निरंतर प्रत्येक शनिवार को भारत माता की आरती हो रही है। इस बार विनय साहू पूर्व जीवन बीमा विकास अधिकारी, अभिनव अग्रवाल, योगेंद्र राठौर, देवेंद्र देवांगन, प्राचार्य-प्रधानाचार ्य, आचार्य आदि उपस्थित थे। इस दौरान भाषण देते हुए राठौर सरस्वती शिशु मंदिर में बिताए बचपन के दिनों को याद किया।

# स्वास्थ्य क्षेत्र की मितानिनों का किया सम्मान

**सक्ती।** सक्ती ब्लॉक की ग्राम पंचायत हरदा के गौरमूड़ा में मितानिन दिवस कार्यक्रम मनाया गया। इस मौके पर पंचायत के सरपंच गौरीशंकर यादव की उपस्थिति में मितानिनों का सम्मान किया गया।

सरपंच यादव ने कहा कि मितानिनें गांव में लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनने के साथ ही शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाती हैं। साथ ही लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां देते हुए उन्हें ठीक करने की दिशा में भी योगदान देती हैं। इस अवसर पर पंचायत के सरपंच गौरीशंकर यादव के साथ ही पंच गोपाल सिंह, चित्रभान सिंह, समुंद कुंवर, राज सिंह, नर्सिंग नेताम, शासकीय शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और नागरिक मौजूद थे। इस दौरान ज्योति चौहान, सरस्वती सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और मितानिन पुष्प लता राज, सविता, कुसुम प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।



# फसल का जायजा लेने के साथ घर लौट रहे दो युवकों की सड़क हादसे में मौत

**जांजगीर-चांपा** जिले के अर्जुनी गांव में सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत हो गई। वहीं एक व्यक्ति की हालत गंभीर है। बताया जा रहा है कि बाइक अनियंत्रित होकर खेत में लगे खंभे से टकरा गई। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र की है।
बाइक सवार सावन दास (60) के सिर पर गंभीर चोट आई, जिस वजह से उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं पुनीराम को गंभीर हालत में बिलासपुर रेफर किया गया है।



जानकारी के अनुसार पुनीराम और सावन दास रिश्ते में मामा भांजा लगते हैं। रविवार की सुबह 8 बजे दोनों एक बाइक में बैठकर खेतों को देखकर वापस अपने गांव अर्जुनी आ रहे थे। बाइक पुनीराम चला रहा था, इस दौरान तेज रफ्तार होने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर खंभे से जा टकराई। अकलतरा पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## लक्ष्मण थावानी बने पूज्य सिंधी पंचायत के नए अध्यक्ष

**चांपा।** पूज्य सिंधी पंचायत चांपा के नए मुखी लक्ष्मण थावानी बनाए गए हैं। शुक्रवार को पूज्य सिंधी पंचायत बस्ती की बैठक पूज्य सिंधी गुरुद्वारे में हुई। इसमें सर्वसम्मति से लक्ष्मण को अध्यक्ष(मुखी) चुना गया। अध्यक्ष चुने जाने के बाद उन्होंने कहा कि इस जिम्मेदारी को सभी के सहयोग से ही पूर्ण किया जा सकता है। इसलिए सभी का सहयोग व मार्गदर्शन अपेक्षित है। बैठक में मुख्य रूप से गंगाराम चंदानी, डॉ. मनोहर गुलाबानी, श्रीचंद चंदानी, सुरेश मनवानी, होलाराम चंदानी, मनोहर भावनानी, राम खूबवानी, मनोहर धामेचा, नवीन थावानी, मनोज विरानी, सुनील मनवानी, डॉ. सुरेश विरानी, अजय विरानी, पीसी धामेचा, लक्की भावनानी, मोहनीश चंदानी, विक्की मनवानी, किशोर मनवानी, डॉ. अजय थावानी, सीए पंकज चंदानी उपस्थित थे। अंत में बैठक में आए सभी पंचों का आभार सिंधु युवा समिति के अध्यक्ष भाई मनोज विरानी ने व्यक्त किया।



# राम सागर तालाब की सफाई कर दिखाए सरोकार

**अकलतरा।** नगर के राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला में एनसीसी इकाई ने एनसीसी डे पर नगर में रैली निकाली। स्कूल के प्राचार्य आर के विश्वकर्मा ने स्कूल परिसर से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली थाना रोड, बजरंग चौक, शास्त्री चौक , सब्जी मार्केट रोड एवं भगवान परशुराम मार्ग होते हुए रामसागर तालाब परिसर में पहुंची। रामसागर तालाब में एनसीसी के कैडेट्स ने तालाब परिसर में झाड़ू लगाकर सफाई की। नगर वासियों को जागरूक किया। स्कूल परिसर में जल को संरक्षित करने के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में जल संरक्षण के संबंध में एनसीसी कैडेट द्वारा पोस्टर बनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने कहा कि एनसीसी की स्थापना सन 1948 में की गई थी। आज राष्ट्रीय कैडेट कोर अपनी 76 वीं वर्षगांठ मना रहा है। एनसीसी दुनिया का सबसे बड़ा युवा संगठन है। 1.2 मिलियन से अधिक कैडेट इसके सदस्य हैं। अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के सचिव ईश्वर खंडेलिया ने कहा कि एनसीसी का आदर्श वाक्य एकता और अनुशासन छात्रों में कर्तव्य के प्रति समर्पण, निष्ठा अनुशासन और आत्म बलिदान की अवधारणा को पैदा करता है। एनसीसी के माध्यम से छात्रों को जीवन में अनुशासन के साथ रहने की शिक्षा मिलती है। एनसीसी के माध्यम से छात्रों को अपनी प्रतिभा साबित करने का अवसर प्राप्त करने के साथ-साथ देश की रक्षा करने के प्रति उसका स्वाभिमान जागृत होता है।




कार्यक्रम में शाला के प्राचार्य आरके विश्वकर्मा, एनसीसी अधिकारी मोहम्मद जफरुल्लाह, अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के सदस्य गण एवं एनसीसी कैडेट्स बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## अमृत सरोवर स्थल पर मनाएंगे संविधान दिवस

**जांजगीर-चांपा।** जिले के महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत निर्मित अमृत सरोवर स्थल पर 26 नवंबर को संविधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान विविध कार्यक्रमों व गतिविधियों का आयोजन भी होगा। इस संबंध में जनपद पंचायत सीईओ व मनरेगा कार्यक्रम अधिकारियों को दिशा- निर्देश गए हैं। आयोजन का उद्देश्य संविधान के प्रति लोगों को जागरूक करना और उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों का महत्व समझाना है। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय संविधान की उद्देशिका के सामूहिक पाठ से होगी। छात्रों के लिए निबंध लेखन, भाषण और प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। जिले के प्रमुख अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीण, मनरेगा जॉब कार्डधारी नागरिकों और छात्रों को संविधान से संबंधित जानकारी दी जाएगी।

# महिला सदन बनाने 10 लाख होंगे खर्च



**जांजगीर चांपा।** अंतरराष्ट्रीय मितानिन दिवस पर 40 मितानिन दीदियों को साड़ी, शाल, श्रीफल और गुलाब भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक ने जिला मुख्यालय में 10 लाख रुपए लागत की महिला सदन बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मितानिन स्वास्थ्य विभाग व शासन की योजनाओं को घर-घर जाकर क्रियान्वित करती हैं। मितानिनों को उनकी सेवा कार्य के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। कांग्रेस सरकार ने उनका मानदेय बढ़ाया किंतु उन्हें और भी सुविधा मिलनी चाहिए।

नगर पालिका अध्यक्ष भगवानदास गढ़ेवाल ने कहा कि मितानिनों का कार्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के लिए महत्वपूर्ण होता है। उनके द्वारा बच्चों को टीका लगने से लेकर गर्भवती महिलाओं की देखरेख करना, अस्पताल ले जाना, जच्चा बच्चा को स्वस्थ रखने के लिए पोषण आहार संबंधी जानकारी देने का काम जिम्मेदारी से की जा रही है।जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैगवार ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में अब तक जितनी भी उपलब्धियां रही हैं। उनके पीछे महत्वपूर्ण मितानिन कार्यक्रम को जाता है। मितानिनों के निस्वार्थ सेवा और मेहनत के फलस्वरुप ही मितानिन कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण का देश में सबसे शानदार उदाहरण है।

कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रफीक सिद्दीकी व आभार प्रदर्शन सभापति विवेक सिसोदिया ने किया। इस दौरान प्रमुख रूप से सभापति रामविलास राठौर, विष्णु यादव व संतोष गदेवाल वोबाई, पूर्व एल्डरमैन हीरा उपाध्याय, रफीक खान, राजा सिद्दीकी, पवन कश्यप, पूर्व पार्षद अरमान खान व अन्य लोग उपस्थित थे।

## राणी सती दादी का मंगल पाठ 22 दिसंबर को, गंगा की तर्ज पर होगी महाआरती

**बिलासपुर।** रिंग रोड-2 स्थित राणी सती दादी मंदिर में मंगलपाठ का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर बैठक हुई। इसमें तय किया गया कि 22 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से मंगलपाठ होगा। वहीं गंगा की तर्ज पर राणी सती दादी की महाआरती की जाएगी। मंगल पाठ का वाचन जयपुर की जोड़ी रविश-सोनम द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताओं में दादी की हल्दी एवं मेंहदी संस्कार के संगीतमय आयोजन होगा। मृदंग और ढोल नगाड़ों के बीच बनारस के पंडित महाआरती करेंगे। दादी को छप्पन भोग लगाया जाएगा। तैयारी में सीए आनंद अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, अजय अग्रवाल, प्रवीण तुलस्यान, सुनील अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल सहित अन्य लगे हुए हैं।



## सड़क निर्माण के लिए और कितना समय चाहिए एजेंसी को



**देवरी।** देवरी-खिजुरी पथ के देवरी दुर्गा मंदिर मोड़ से चंदली भाया बुढ़ियासारे सड़क और नायकडीह, सिकरुडीह मोड़ भाया बैलाटांड़ तक सड़क निर्माण का शिलान्यास हुए 14 महीने बाद बीत गए, पर अब तक काम शुरू नही हुआ है।ि जससे ग्रामीणों में निराशा है। सड़क व पुल निर्माण कार्य नहीं होने से इस मार्ग से जुड़े दर्जनों गांवों के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत उपरोक्त सड़कों के निर्माण कार्य प्रारंभ करने की तिथि 15 जून 2023 थी व कार्य पूर्ण करने की तिथि 14 दिसंबर 2024 निर्धारित है।। इन सड़कों के निर्माण कार्य का केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी व जमुआ के तत्कालीन विधायक केदार हाजरा ने संयुक्त रूप से शिलान्यास किया था। पर शिलान्यास के बाद कार्य एजेंसी के ठेकेदार ने गरहाटांड़-ढकनीपहरी नाला पर पूर्व में बने पुल को तोड़ कर डायवर्सन बना दिया । अब बरसात में बनाया गया डायवर्सन बह भी गया है, जिससे आवागमन करने वाले दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को आये दिन परेशानी का सामान करना पड़ता है। सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे उभर कर बोल्डर निकल आने से गरहाटांड़, जवारी, बिजहरा, बुढ़ियासारे, चरकापत्थर, भातुरायडीह, कोयरीडीह, फुटका, गरही, चंदली, लाहीबारी, नायकडीह, बेहराडीह, पाडेडीह, जरियाबागी, जमडीहाबागी, बैलाटांड, गादी, चोलीडीह आदि दर्जनों गांवों के लोगों को आवागमन करने में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से मामले की जांच कर गुणवत्तापूर्ण

## कुल्हाड़ी से एटीएम में तोड़फोड़ सीसीटीवी में कैद हुई पूरी घटना

**बिलासपुर।** मोपका में बीती रात बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम में चोरी का प्रयास हुआ। एक नकाबपोश व्यक्ति कुल्हाड़ी से एटीएम तोड़ने की कोशिश कर रहा था। यह पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। घटना सरकंडा थाना के मोपका चौकी क्षेत्र की है।

मोपका स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम में 22 नवंबर की रात 1.30 बजे एक नकाबपोश व्यक्ति घुसा। उसके हाथ में कुल्हाड़ी थी। उसने कुल्हाड़ी से एटीएम के नीचे का हिस्सा तोड़ दिया। करीब आधे घंटे तक उसने एटीएम से रुपए चोरी के करने के लिए कैसेट्स निकालने का प्रयास किया, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली।

आखिर में वह भाग गया। सुबह जब सफाई कर्मी पहुंचे, तो उन्हें एटीएम टूटी हुई मिली। उसने तत्काल हिटाची पेमेंट सर्विस के फील्ड मैनेजर संतोष मिश्रा को घटना की सूचना दी। उन्होंने बैंक मैनेजर को घटना सूचना देने के बाद मोपका चौकी में रिपोर्ट लिखाई। पुलिस अपराध दर्ज कर पतासाजी कर रही है।

आसपास के इलाकों में हुलिए व पहनावे के आधार पर तलाश की जा रही है। पिछले छह महीने के भीतर एटीएम टेम्परिंग के दर्जन भर मामले सामने आ चुके हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह यह कि बैंकों द्वारा पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं की जाती। इससे पहले भी बदमाश एटीएम के शटर में छेड़छाड़ कर हजारों रुपए निकाल चुके हैं। तारबाहर, सरकंडा व सिविल लाइन समेत अन्य थाना क्षेत्रों में पांच आरोपी पकड़े भी गए।



## अनमोल वचन......

**दुनिया में हर इंसान अलग है इसलिए जो जैसा है उसे वैसा ही स्वीकार करना सीखे!**

## जरूरी चीजें तीन गुना महंगी

*कोरोना महामारी के बाद से गणना की जाए, तो तमाम जरूरी चीजें दो से तीन गुना तक महंगी हो चुकी हैं। कितने लोगों की आमदनी इसी अनुपात में बढ़ी है। मुश्किल से ऐसे 20 फीसदी लोग होंगे। मतलब, 80 प्रतिशत आबादी का जीवन स्तर गिरा है। पहले आसान भाषा में गौर करें। सितंबर में मुद्रास्फीति दर 5.5 प्रतिशत थी। यानी जो वस्तु अगस्त में 100 रुपये की थी, वह सितंबर खत्म होते-होते 105.50 रुपये की हो गई। अक्टूबर में कीमतों में औसत वृद्धि 6.2 फीसदी की हुई। यानी वही वस्तु लगभग 112 रुपये की हो गई है। इस खाद्य महंगाई की दर लगभग पौने दो गुना रही है। कोरोना महामारी के बाद से गणना की जाए, तो ये तमाम चीजें दो से तीन गुना तक महंगी हो चुकी हैं। भारत में कितने लोग ऐसे हैं, जिनकी आमदनी इसी अनुपात में बढ़ी हो? मुश्किल से ऐसे 20 फीसदी लोग होंगे। मतलब, 80 प्रतिशत आबादी का जीवन स्तर इस दौर में गिरा है। जो तबके पांच किलोग्राम मुफ्त अनाज और प्रत्यक्ष नकदी हस्तांतरण योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं, उनके मामले में यह मार अवश्य कुछ कम होगी।*

*इसलिए उन रिपोर्टों को आसानी से समझा जा सकता है, जिनके मुताबिक ग्रामीण इलाकों में उपभोग अपेक्षाकृत बढ़ा है, जबकि शहरी इलाकों में गिरावट आई है। इसीलिए गांवों में उपभोग में अपेक्षाकृत वृद्धि भी जीवन स्तर संवरने का सूचक नहीं है। सार यह कि सीमित तबकों को छोड़ कर बाकी विशाल आबादी की जिंदगी लगातार ऊंची चल रही महंगाई दर से मुहाल है। क्या यह हैरतअंगेज नहीं कि यह देश का सर्व-प्रमुख राजनीतिक मुद्दा नहीं है। आज कोई सरकार से नहीं पूछता कि उसके मूल्य स्थिरीकरण कोष से क्या हासिल हुआ। चालू वित्त वर्ष के बजट में उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के तहत चलने वाले इस कोष के लिए 10 हजार करोड़ रुपये आवंटित हुए थे।*

*गठन के समय इसका मकसद आवश्यक वस्तुओं के मूल्य पर निगरानी रखना और कीमतों में औचक बढ़ोतरी की स्थिति में दखल देना बताया गया था। अमेरिका से यूरोप तक महंगाई के मुद्दे पर पिछले दो वर्षों में लगातार सरकारें बदली हैं। लेकिन भारतीय राजनीति पर प्रभु वर्ग का शिकंजा इतना कस चुका है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष- दोनों के लिए यह मुद्दा ही नहीं है। जज्बाती सवालों में उलझे इन दोनों पक्षों ने लोगों को महंगाई की चक्की पिसने के लिए छोड़ रखा है।*

## राशिफल

**मेष राशि-** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपकी कोई इच्छा पूरा होने से पूरे दिन मन प्रसन्न रहेगा। आप उच्च शिक्षा के लिए हाई प्रोफाइल संस्थान में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। परिवार में किसी शुभ कार्य पर आप धन खर्च करेंगे। भूमि संबंधी कार्यों में आपके लिए लाभ के योग हैं।

**वृष राशि-** आज आपके लिए दिन फायदेमंद रहेगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर होगी। कार्यक्षेत्र में आपको बेहतर अवसर मिलने की संभावना है। व्यापारियों को व्यापार से रिलेटेड यात्रा होने के योग हैं। इस यात्रा से आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आज आप धन की बचत करने में कामयाब रहेंगे।

**मिथुन राशि-** आज आपका दिन ठीक ठाक रहेगा। आप अपने प्रियजनों और परिवार के बड़ों से सलाह लेकर ही कोई व्यवसाय से संबंधित निर्णय लेंगे। किसी तरह के पैसों के लेन-देन में आज आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। आप कोई मकान या जमीन खरीदने का प्लान बना सकते हैं। अ

**कर्क राशि-** आज आपका दिन पॉजिटिव रहेगा। व्यवसाय से जुड़े लोगों को व्यापार में बड़े लाभ की उम्मीद है। नई व्यापारिक योजनाएं बनाने में कामयाब रहेंगे। आपका पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। रिश्तों में मिठास बनी रहेगी। उच्च स्तरीय शिक्षा में आपकी संतान के एडमिशन लेने की खबर मिल सकती है।र

**सिंह राशि-** आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आपको किसी प्रकार के लेन-देन के मामले में स्पष्टता रखनी होगी। संतान के करियर में विशेष उपलब्धि मिलने से आपको खुशी मिलेगी। काफी दिनों से स्टार्टअप शुरू करने का प्लान पूरा करने में कामयाब रहेंगे। आज आप एक अच्छे टीम लीडर साबित होंगे।

**कन्या राशि-** आज आपका दिन लकी रहने वाला है। आप व्यापार शुरू करने का मन बनाएंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी, आज किसी प्रकार की बिजनेस डील हो सकती है। घर के कार्यों में जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। आज आप माता-पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाएंगे।

**तुला राशि-** आपके लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा। कुछ नए संपर्कों से आपको लाभ मिलेगा। आज आपके व्यापार में उन्नति होने के योग बने हुए हैं। किसी पारिवारिक समस्या का आज समाधान निकालने में सफल होंगे, परिवार के सदस्यों में ताल-मेल बढ़ेगा। व्यापार को बढ़ाने के लिए आज आप कुछ नया करने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक राशि-** आज आपका दिन प्रसन्नता पूर्वक बीतेगा। आपको अपने कुछ पुराने मित्रों से मेल-जोल बढ़ाने का मौका मिलेगा। कार्यक्षेत्र क्षेत्र में दी गई जिम्मेदारियों को आज आप बखूबी निभाएंगे। अपने सीनियर्स के साथ कुछ पुरानी यादों को ताजा करेंगे। कार्यस्थल पर आज आप ऊर्जावान महसूस करेंगे।

**धनु राशि-** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आपको नौकरी से रिलेटेड कोई शुभ समाचार सुनने को मिलेगा, जिसकी आपको प्रतीक्षा थी। जीवनसाथी की ओर से कोई उपहार मिलने से पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े लोगों का अपने कार्यों में बढ़िया प्रदर्शन रहेगा। आज आपको आर्थिक लाभ होने के योग हैं।

**मकर राशि-** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपनी अच्छी सोच का लाभ उठाएंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर बनेगी। आज आपको किसी बड़ी कंपनी से नौकरी का ऑफर आएगा। जीवनसाथी के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। संतान पक्ष से खुशियां मिलेंगी।

**कुंभ राशि-** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आप धर्म-कर्म के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। छात्रों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, बस थोड़ी और मेहनत करने की जरुरत है। गवर्नमेंट सेक्टर से जुड़े लोगों को उच्च अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। जिससे वह अपना कोई बड़ा प्रोजेक्ट पूरा करने में सफल होंगे।

**मीन राशि-** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। कार्यस्थल पर आपके काम की सराहना होगी। मीडिया और जनसंचार से जुड़े लोगों को उनके काम के लिए प्रसिद्धि मिलेगी। अगर आप लेखक है और कोई किताब लिखना चाह रहे हैं तो समय अनुकूल है। सेहत के मामले में आज आप चुस्त-दुरुस्त बने रहेंगे। आपका पारिवारिक जीवन उत्साह से भरा रहेगा। ऑफिस के किसी काम से यात्रा करनी पड़ सकती है।

# अमेरिकी इतिहास में एक नए दौर की शुरुआत ट्रंप की जीत

//अवधेश कुमार//

**डोनाल्ड ट्रंप की अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव जीतने का विश्लेषण अभी लंबे समय तक जारी रहेगा। डोनाल्ड ट्रंप और उनके साथ अमेरिका ने भी इतिहास रच दिया। हर चुनाव में एक पक्ष जीतता और दूसरा हारता है लेकिन इसके मायने होते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की विजय और डेमोक्रेट कमला हैरिस की पराजय के साथ अमेरिकी इतिहास में एक नए दौर की शुरु आत हुई है।**



जिस डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका में केवल डेमोक्रेट ही नहीं उनकी अपनी पार्टी, मीडिया, पूंजीपतियों, थिंक टैंक, विविद्यालयों आदि का एक बड़ा समूह समाप्त करने के लिए पूरी शक्ति लगा चुका हो, वह वापस आकर इन सबको चुनौती दे और जीत का झंडा गाड़ दे तो इसे किसी दृष्टि से साधारण घटना नहीं माना जा सकता। मतदान समाप्त होने के साथ ही ट्रंप ने लिखा कि आज रात अमेरिका के लोगों ने बदलाव के लिए स्पष्ट जनादेश दिया।

ट्रंप और कमला हैरिस के बीच माना जा रहा था कि कांटे की टक्कर है। परिणाम ने इसे गलत साबित कर दिया। ट्रंप ने अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाया और कमला हैरिस पिछले चुनाव में बिडेन के मत की भी बराबरी नहीं कर पाई। 2020 में जिस जॉर्जिया से ट्रंप अत्यंत कम अंतर से हारे थे जब वहां का परिणाम उसके पक्ष में गया, फिर नॉर्थ कैरोलिना से उनके समर्थन का परिणाम आया तो लग गया कि अमेरिकी जनता का राजनीति और देश को लेकर मनोविज्ञान बदला है। स्विंग माने जाने वाले अन्य राज्यों पेंसिलवेनिया, एरीजोना, मिशीगन, विस्कांसिन और नेवाडा में भी हैरिस को अपेक्षित समर्थन नहीं मिला। ट्रंप ने इलेक्टरल के अलावा पॉपुलर मतों के मामले में भी सफलता पाई जो उनके 2016 की जीत से अलग कहानी बताती है।

अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी ने 1992 के बाद ऐसा प्रदर्शन कभी नहीं किया था। अमेरिकी इतिहास में केवल 1892 में ग्रोवर क्लब्लैंड ही ऐसे राष्ट्रपति हुए जो 4 वर्ष के बाद फिर से चुने गए। इस तरह ट्रंप अमेरिकी इतिहास के ऐसे दूसरे व्यक्ति बन गए हैं। वास्तव में अनेक दृष्टि से यह असाधारण परिणाम है। ट्रंप को लोकतंत्र विरोधी, फासिस्ट साबित करने के लिए विरोधियों ने कोई कसर नहीं छोड़ी।आपराधिक आरोप के मुकदमे भी चले। अमेरिकी इतिहास में यह पहली बार हुआ जब डेमोक्रेटिक ने अंतिम दौर में जो बाइडेन को उम्मीदवारी के दौर से हटाकर कमला हैरिस को सामने लाया। धन के मामले में भी कमला हैरिस ट्रंप से बहुत आगे निकल गई। मीडिया ने ऐसा वातावरण बनाया मानो ट्रंप पिछड़ चुके हैं। परिणाम क्या आया। राष्ट्रपति चुनाव ही नहीं सीनेट में भी रिपब्लिकन को बहुमत मिला तथा प्रतिनिधि सभा में बेहतर स्थिति में आए। इसका निष्कर्ष यह है कि अमेरिका के लोगों ने ऐसा जनादेश दिया ताकि ट्रंप अपनी घोषणाओं या एजेंडे में किसी तरह के बड़े अवरोध का सामना करने से बचे रहे। समाज के जिस वर्ग का समर्थन डेमोक्रेट को मिलने की परंपरा रही है उनमें भी ट्रंप प्रवेश कर चुके हैं। सर्वेक्षणों के अनुसार महिलाओं का मत कमला हैरिस के पक्ष में झुका रहा, लेकिन बाइडेन को प्राप्त मतों से वह पीछे ही रही। अेतों, लैटिन अमेरीकियों, एशियाई समूहों में से भी लगभग एक तिहाई मतदाताओं ने ट्रंप के लिए वोट किया। हां, मतदाताओं के समर्थन में थोड़ी कमी आई। ये सारे तथ्य बताते हैं कि अमेरिकी जनमानस ट्रंप को लेकर कितना बदला है। सच कहें तो ट्रंप ने रिपब्लिकनों के साथ देश की सोच बदलने तथा राजनीति में नए चेहरों को खड़ा करके जीत सुनिश्चित की। डेमोक्रेट स्वयं को अति वामपंथी या लिबरल साबित करने के लिए जो कुछ करते रहे उसे आम लोगों ने सहजता से स्वीकार नहीं किया। आश्चर्यजनक रूप से शारीरिक श्रम करने वाले श्रमिकों तथा निम्न आय वर्ग के लोगों का समर्थन रिपब्लिकन में बढ़ा है। डेमोक्रेट एलिट व शिक्षित वर्ग के एक समूह तथा हॉलीवुड एवं थिंक टैंक के बीच अपनी पहचान की व नीति के लिए सिमटती गई है। लोगों ने माना कि वे जो आवाज उठा रहे हैं वह अमेरिका की सामूहिक भावना नहीं है। बाइडेन के कार्यकाल में आंतरिक रूप से अमेरिका कमजोर हुआ, वैश्विक स्तर पर भी उसकी छवि धूमिल हुई। हालांकि सर्वेक्षणों में अधिकतर मतदाताओं की चिंता वैश्विक या विदेश नीति नहीं थी। यानी अमेरिकी लोगों की प्राथमिकताएं बदली है। ट्रंप का मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' यानी मागा' लोगों के दिलों में गया। अवैध घुसपैठ, बढ़ती महंगाई अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध एवं अस्थिरता को उन्होंने बड़ा मुद्दा बनाया और लोगों को अपील कर गया।

वस्तुतः 2021 में ही दिखा था कि अमेरिका में ट्रंपवाद का नया दौर शुरू हो चुका है जिसका व्यापक समर्थन है, परंपरागत डेमोकेट, एलिट, अति लेफ्ट लिबरल राजनीति का समर्थन घट रहा है। अमेरिकी चुनाव अभियान में ट्रंप केंद्रित ठीक वैसे ही परिदृश्य ,आरोप-प्रत्यारोप एवं मुद्दे थे जो हम भारत में देखते हैं। यानी ट्रंप का आना लोकतंत्र के लिए खतरनाक होगा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता-धार्मिक स्वतंत्रता खत्म हो जाएगी, अल्पसंख्यकों के अधिकार समाप्त कर दिए जाएंगे, संविधान कमजोर होगा और वैश्विक स्तर पर युद्ध एवं तनाव का खतरा ज्यादा बढ़ेगा। अमेरिका के बदले मनोविज्ञान में इनको पहले की तरह समर्थन मिलने की संभावना नहीं है। ट्रंप ने इसके विपरीत कहा कि मेरे 4 वर्ष के कार्यकाल में कोई युद्ध नहीं हुआ, मैं युद्ध का नहीं शांति का समर्थक हूं, लेकिन पीस विद स्ट्रेंथ।ट्रंप ने अपने कार्यकाल में अमेरिकी अर्थव्यवस्था सुधारी, विदेश नीति में आश्चर्यजनक सफलताएं प्राप्त की। पश्चिम एशिया में इस्रइल के साथ सऊदी अरब व संयुक्त अरब अमीरात के राजनीतिक संबंध स्थापित होंगे, इसकी कल्पना नहीं थी जो उन्होंने कर दिखाया। भारत के लिए इससे बेहतर परिणाम अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में कुछ नहीं आ सकता। बांग्लादेश को लेकर उन्होंने बाइडेन प्रशासन की कड़ी आलोचना की। इसका असर दिखेगा। उन्होंने वोट के लिए ही सही अगर हिन्दुओं के पक्ष में बयान दिए तथा उनकी रक्षा और साथ देने का संकल्प दिखाया तो वह इससे पीछे हटेंगे ऐसा तत्काल मानने का कोई कारण नहीं है। इस तरह मानकर चलना चाहिए कि उनके कार्यकाल में अमेरिका-भारत संबंध सशक्त होंगे।

# सरकार और समाज को हाथी की प्रति संवेदनशील बनना होगा

//पंकज चतुर्वेदी//

**दीपावाली के ठीक एक दिन पहले मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ में एक साथ दस हाथियों के मारे जाने से दुनिया सन्न है। इनमें नौ मादा थीं और दो गर्भवती। और इस तरह दो हाथियों की मौत भ्रूण में भी हो गई। इसके ठीक तीन दिन पहले पास के छत्तीसगढ़ में रायगढ़ जिले में तीन हाथी मारे गए तो कहा गया कि उन पर 11 केवीए की बिजली का तार गिर गया था। रविवार रात छत्तीसगढ़ में हाथियों के दल से 1 हाथी के बिछडने की जानकारी मिली और सोमवार सुबह जंगल के किनारे स्थित धान के खेत में हाथी का शव मिला। हाथी का शव मिलने के बाद वन विभाग ने जांच शुरू की तो खुलासा हुआ कि खेत के चारों तरफ बिजली का तार लगाया गया था।**



खेत मालिक ने हाथी को मारने के लिए हाईवोल्टेज बिजली तार में क्लच वायर से जोड़ कर करंट लगाया था जिसकी चपेट में आने से नर हाथी की मौत हो गई। इस खुलासे के बाद वन विभाग ने आरोपी मुरका निवासी रामबक्स को गिरफ्तार कर लिया। इसी राज्य में 12 नवम्बर को बेहद मार्मिक घटना सामने आई जब रायपुर में सीतानदी-उदंती टाइगर रिजर्व में हाथी का एक बच्चा पोटाश बम से घायल हो गया। उसके मुंह और पैर से खून बह रहा था और वह जलन से बचने को इधर-उधर पानी में शरीर डाल रहा था। यह बम जंगली सूअरों के शिकार के लिए उपयोग किया जाता है।

दुर्भाग्य है कि बांधवगढ़ में इतनी बड़ी संख्या में हाथी की मौत के बाद भी प्रशासन सतर्क नहीं हुआ और गुस्साए हाथियों ने वहीं गांव के तीन लोग कुचल कर मार डाले। बीते कुछ सालों में हाथी के पैरों तले कुचल कर मरने वालों की संख्या बढ़ी है। ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, असम , केरल, कर्नाटक सहित 16 राज्यों में बिगडैल हाथियों के कारण इंसान से टकराव बढ़ रहा है। इस झगड़े में हाथी भी मारे जाते हैं। यह बात तो स्पष्ट हो गई है कि बांधवगढ़ में बड़ी संख्या में हाथियों की मौत कुछ विषाक्त खाने से हुई है। शक इस बात से खड़ा होता है कि राज्य सरकार के कुछ अफसर इसे तुरत-फुरत जहरीली कुटकी खाने से मौत निरूपित कर रहे थे लेकिन जब मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस बात से असहमति जताई कि जंगल का जानवर क्या किसी वन-उत्पाद खाने से मरेगा तो हड़बड़ाहट हुई। वन महकमे के अफसर सस्पेंड हुए।

भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई), बरेली की ओर से मप्र वन विभाग को सौंपी गई रिपोर्ट में हाथियों के विसरा में माइक्रो टॉक्सिन साइक्लोपियाजोनिक एसिड मिलने की पुष्टि हुई है। एपीसीसीएफ और मप्र वन विभाग की ओर से गठित एसआईटी के प्रमुख एल कृष्णमूर्ति के मुताबिक, आईवीआरआई ने विसरा सैंपल की विषाक्तता रिपोर्ट से पता चलता है कि हाथियों ने बड़ी मात्रा में खराब कोदो पौधे/अनाज खाए थे। हालांकि, विसरा सैंपल में मिला साइक्लोपियाजोनिक एसिड कितना जहरीला था और कितनी मात्रा में था, क्या यही मौत का कारण हो सकता है-इसकी आगे जांच अभी जारी है।

दुर्भाग्यपूर्ण है कि मध्य प्रदेश में जंगल और वनोपज आय के बड़े माध्यम हैं, लेकिन बाघ के लिए जम कर खर्च करने वाली सरकार हाथी के लिए लापरवाह रही है। प्रदेश में हाथियों के प्रबंधन के लिए सिर्फ एक करोड़ सालाना का बजट वन विभाग के पास है। प्रोजेक्ट टाइगर पर प्रदेश का बजट 200 से 300 करोड़ के बीच रहता है, लेकिन हाथियों के प्रबंधन पर प्रोजेक्ट एलिफेंट के लिए वन विभाग ने इस साल 66 लाख रुपये रखे। प्रोजेक्ट एलिफेंट की शुरु आत 1992 में भारत सरकार के पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा शुरू की गई थी जो अभी देश के 16 राज्यों में चल रहा है। हाथियों की संख्या में बढ़ोतरी और इनके शिकार को रोकने के लिए शुरू की गई योजना में प्राकृतिक आवासों को सुधारना, हाथी-मानव संघर्ष को नियंत्रित करना सहित कई काम किए जाते हैं लेकिन वन विभाग के पास बजट होता नहीं है। वन पारिस्थितिकी तंत्र और जैव विविधता को सहेज कर रखने में गजराज की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। पर्यावरण-मित्र पर्यटन और प्राकृतिक आपदाओं के बारे में पूर्वानुमान में भी हाथी बेजोड़ हैं। जंगली हाथियों के बस्तियों में घुसने को किसी राज्य की सीमा से बांधा जा नहीं सकता। आंकड़ों पर गौर करें तो स्पष्ट होता है कि करीबी राज्य ओडिशा के हालात हाथियों को लेकर इतने खराब हैं कि दंतैल और गुस्सैल हो गए जंगली हाथी छत्तीसगढ़ और झारखंड में अपनी खीज मिटा रहे हैं। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस, बैंगलुरु के एक अध्ययन में बताया गया था कि ओडिशा में उपलब्ध जंगल और संसाधन में अधिकतम 1700 हाथी भली प्रकार जी सकते हैं, जबकि आज यहां गजराज की संख्या 2100 से अधिक है। इस तरह 400 से अधिक हाथियों के लिए भोजन, पानी और आने पर्यावासीय संकट सामने दिख रहा है। सरकारी रिकार्ड में है कि 2017-18 और 4 नवम्बर, 2024-25, ओडिशा में 634 मारे गए, जिनमें 22 का शिकार हुआ, एक को जहर दिया गया 91 जानबूझकर बिजली के झटके से, 32 आकस्मिक बिजली करंट से मारे गए, जबकि 28 हाथी रेल से टकरा कर काल के गाल में गए। इसी साल 58 हाथियों की संदिग्ध मौत हुई, जिसकी जांच के लिए सरकार ने आदेश दिए हैं।

जानना जरूरी है कि हाथियों को 100 लीटर पानी और 200 किलो पत्ते, पेड़ की छाल आदि की खुराक जुटाने के लिए हर रोज 18 घंटों तक भटकना पड़ता है। हाथी दिखने में भले ही भारी-भरकम हैं, लेकिन उनका मिजाज नाजुक और संवेदनशील होता है। थोड़ी थकान या भूख उसे तोड़ कर रख देती है। ऐसे में थके जानवर के प्राकृतिक घर यानी जंगल को जब नुकसान पहुंचाया जाता है तो मनुष्य से उसकी भिड़ंत होती है।

2018 में पेरियार टाइगर कन्जर्वेशन फाउंडेशन ने केरल में हाथियों के हिंसक होने पर एक अध्ययन किया था। अध्ययन रिपोर्ट में पता चला कि जंगल में पारंपरिक पेड़ों को काट कर उनकी जगह नीलगिरी और बबूल बोने से हाथियों का भोजन समाप्त हुआ और यही उनके गुस्से का कारण बना। पेड़ों की ये किस्म जमीन का पानी भी सोखती हैं, सो हाथी के लिए पानी की कमी भी हुई। पयार्वरण-मित्र पर्यटन और और प्राकृतिक आपदाओं के बारे में पूर्वानुमान में भी हाथी बेजोड़ हैं। हाथी की उपस्थिति स्वस्थ जंगल की निशानी है, अच्छा जंगल धरती पर इंसान के लिए अनिवार्य है। अब सरकार और समाज, दोनों को हाथी की समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनना होगा।

## तस्वीरों की दुनिया



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में पार्टी नेता हाजी रिजवान की मौजूदगी में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।



नई दिल्ली के सीलमपुर में कचरे के ढेर में लगी आग को बुझाने का प्रयास करते अग्निशमन कर्मी।



झामुमो नेता हेमंत सोरेन ने झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार को पत्र सौंपकर रांची स्थित राजभवन में नई सरकार बनाने का दावा पेश किया।



विदेश मंत्री एस. जयशंकर का इटली के रोम में राजदूत वाणी राव और विदेश मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया।



झारखंड के मुख्यमंत्री और झामुमो अध्यक्ष हेमंत सोरेन के साथ गांडेय से झामुमो उम्मीदवार कल्पना सोरेन रांची में झारखंड विधानसभा चुनाव जीतने के बाद अपना विजय प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए।



पणजी में 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) के रेड कार्पेट पर फिल्म हजार वेला शोले पहिलेला मानुस की टीम फोटो के लिए पोज देती हुई।



पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने अलवर, भिवाड़ी में राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट के दौरान दीप प्रज्ज्वलित किया।

# संभल में बवाल... स्कूल-इंटरनेट बंद, उपद्रवियों पर लगेगा एनएसए

**संभल, 25 नवंबर [एजेंसी]।**

शहर की जामा मस्जिद में हरिहर मंदिर का दावा करने के बाद सर्वे को लेकर हुए बवाल से शासन तक में खलबली मच गई। क्योंकि यहां पर चार घंटे तक बेहिसाब पथराव, फायरिंग और आगजनी होने से पुलिस-प्रशासन के अधिकारी भी घायल हुए हैं। चार लोगों की मौत भी हुई है। इसलिए शासन स्तर से प्रकरण की निगरानी चल रही है। इसलिए यहां के अफसरों से रिपोर्ट तलब हो रही है।दरअसल, संभल पहले से ही संप्रदायिक माहौल को लेकर संवेदनशील की श्रेणी में रहा है। क्योंकि यहां पर मुस्लिम संप्रदाय के लोग अधिक भी हैं। इसलिए प्रदेश में अलग स्थानों पर होने वाले मजहबी विवाद के बाद यहां पर अलर्ट भी जारी किया जाता है। सुबह आठ बजे से लेकर 11 बजे तक चले इस बवाल में चार लोगों की मौत, पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों के घायल होने और वाहनों में आग लगाने की खबर जब फैली तो पूरे प्रदेश में हलचल का माहौल बन गया।न सिर्फ जिलों में अलर्ट जारी किया गया बल्कि शासन के




अधिकारियों की नजर भी संभल पर आ टिकीं। शासन स्तर पर बैठने वाले अधिकारी कभी मंडलायुक्त तो कभी जिलाधिकारी से इस प्रकरण की रिपोर्ट तलब करते हुए नजर आए। पुलिस अधीक्षक के द्वारा भी इस मामले के बारे में डीजी दफ्तर को अवगत कराया गया है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने कहा कि जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुए बवाल के बाद कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। इसके लिए बवाल में घायल हुए पुलिस कर्मियों के बयान भी दर्ज कराए जा रहे हैं।

कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है और अराजक तत्वों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई हैं।बवाल में शामिल लोगों के खिलाफ एनएसए के तहत कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने कहा कि घटना के बाद अतिरिक्त फोर्स मंगाया गया है। हालांकि अब शांति व्यवस्था कायम है। मोबाइल की इंटरनेट सर्विस बंद करा दी गई है। दोनों पक्षों की रजामंदी से सर्वे की शुरुआत हुई थी। दो घंटे तक सबकुछ ठीक चला अचानक कुछ लोगों ने योजना बद्ध तरीके से पुलिस को निशाना बनाते हुए पथराव किया और फायरिंग की जिसमें पीआरओ के पैर में गोली लगी है। पुलिस के वाहनों को भी उपद्रवियों ने निशाना बनाया। अब अराजक तत्वों के की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जाएगा। जो भी इस मामले में संलिप्त पाया जाएगा उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

जामा मस्जिद को लेकर हुए बवाल के बाद डीआइजी मुनिराज ने पूरे मंडल में अलर्ट जारी कर दिया है। जहां-जहां पर मस्जिद हैं। वहां पर पुलिस कर्मी तैनात हैं। कुछ स्थानों पर पीएसी के जवान भी पहुंचे हैं। निर्देश दिए गए हैं कि रात में भी पूरी तरह अलर्ट रहे। उधर, इंटरनेट मीडिया पर भी निगरानी होरही है। संभल स्थित जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान हुए बवाल को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से एहतियातन सुरक्षा बरती जा रही है। इसी के चलते जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा ने सोमवार (आज) संभल तहसील क्षेत्र में ब्लाक संभल, असमोली व पंवासा क्षेत्र में स्थित नर्सरी से कक्षा 12 तक के सभी बोर्ड के परिषदीय विद्यालयों के साथ सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त, मान्यता प्राप्त मदरसों में भी अवकाश किया है, जिसके चलते सभी स्कूल बंद रहेंगे।

## मणिपुर हिंसा: सिर में मारी गोली, आंख निकाली और पसलियां तोड़ीं, 3 साल के बच्चे से उग्रवादियों ने की हैवानियत

**इंफाल, 25 नवंबर [एजेंसी]।**

मणिपुर के जिरिबाम जिले में बच्चे के सिर में गोली मारी गई थी। कुकी उग्रवादियों ने तीन साल के बच्चे की आंख भी निकाल ली। दरिंदों ने पसलियां तोड़ दीं। पिछले हफ्ते मिले छह शवों में तीन की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बर्बरता के साक्ष्य मिले हैं।शवों के विभिन्न हिस्सों पर गोली लगने के कई निशान हैं। 11 नवंबर को उग्रवादी हमले के बाद से मैतेयी समुदाय की तीन महिलाओं और तीन बच्चों का पता नहीं चल पा रहा था। पिछले सप्ताह उनके शव जिरीबाम जिले में जिरी नदी और असम के कछार में पास की बराक नदी में पाए गए थे। शव मिलने के बाद हिंसा भड़क उठी थी।अधिकारियों ने रविवार को बताया कि तीन साल के बच्चे चिंगखेनगांबा सिंह की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला है कि उसकी दाहिनी आंख गायब थी। उसके सिर में गोली के जख्म मिले। छाती में फ्रैक्चर और बांह और शरीर के अन्य हिस्सों पर भी घाव के निशान मिले। पोस्टमार्टम असम के कछार जिले के सिलचर मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एसएमसीएच) में किया गया।रिपोर्ट में बताया गया है कि जब बच्चे का शव मिला वह सड़ने की स्थिति में था। गुवाहाटी स्थित फोरेंसिक विज्ञान निदेशालय से विसरा रिपोर्ट मिलने तक मौत के कारण का पता नहीं चल पाएगा। रिपोर्ट के अनुसार बच्चे की मां एल. हेतोनबी देवी को चार गोलियां मारी गईं। रिपोर्ट के अनुसार मौत के लगभग सात दिन बाद 18 नवंबर को शव एसएमसीएच लाया गया था। बच्चे की नानी रानी देवी को भी सिर में गोली मारी गई। उन्हें कुल पांच गोलियां लगीं। उनकी मृत्यु के कम से कम तीन से पांच दिन बाद 17 नवंबर को शव एसएमसीएच लाया गया। एक अन्य महिला और दो बच्चों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। मणिपुर में डेढ़ साल से ज्यादा समय से जारी अशांति के चलते ड्रग तस्करों ने तस्करी का नया रास्ता तलाश लिया है। बंगाल पुलिस को अब राज्य में ड्रग्स की तस्करी के इस नए रूट और इसमें सक्रिय गिरोह का पता चला है।

## इजरायली सेना ने गाजा में एक और क्षेत्र खाली करने का दिया आदेश, हिजबुल्लाह का 200 रॉकेट से हमला



**काहिरा, 25 नवंबर [एजेंसी]।**

इजरायली सेना ने पूर्वी गाजा के शेजाइया में रहने वाले लोगों को क्षेत्र खाली करने का आदेश दिया है। इजरायली सेना के प्रवक्ता द्वारा जारी आदेश में आतंकवादियों द्वारा उस क्षेत्र से रॉकेट दागने का आरोप लगाया गया है। इससे पहले भी स्थान खाली करने का आदेश दिया जा चुका है। इजरायली ड्रोन हमले में गाजा स्थित एक अस्पताल के निदेशक घायल हो गए हैं। सेना की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि सुरक्षा के लिए, आपको तुरंत दक्षिण की ओर निकल जाना चाहिए। फलस्तीनी मीडिया में प्रसारित फुटेज में शेजाइया में रहने वालों को सामान लेकर दूसरी जगह जाते देखा जा सकता है। इसमें बच्चे भी नजर आ रहे हैं। मध्य गाजा में, स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि शनिवार रात से अल-मगाजी और अल-ब्यूरिज में शिविरों पर हवाई हमलों में 10 फलस्तीनी मारे गए। हिजबुल्ला ने रविवार को इजरायल में लगभग 200 रॉकेट दागे। यह हमला बेरूत में घातक इजरायली हमलों के जवाब में किया गया। शनिवार को इजरायली विमानों ने पूर्वी लेबनान के कस्बों और गांवों पर सात और दक्षिण के कस्बों और गांवों पर 10 हमले किए। इजरायली हमले में 20 लोग मारे गए थे और 66 अन्य घायल हो गए थे।

हिजबुल्ला द्वारा दागे गए रॉकेटों ने उत्तरी और मध्य इजरायल को निशाना बनाया। इसमें तीन ड्रोन शामिल थे।इजरायल की हवाई रक्षा प्रणालियों ने कुछ रॉकेटों को ही रोका। हमले में आठ लोग घायल हुए। हाइफा में रॉकेट हमले में क्षतिग्रस्त एक पांच मंजिला आवासीय इमारत को खाली करा लिया गया। लेबनानी सेना ने रविवार को कहा कि दक्षिणी लेबनान में अल-अमीरिया शहर में एक सेना केंद्र को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमले में एक सैनिक की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए।

## अल्पसंख्यक मतदाताओं पर भाजपा का हमेशा रहता है फोकस, मगर हमने तुष्टिकरण नहीं किया, चुनाव रिजल्ट पर बोले हिमंत बिस्वा सरमा

**गुवाहाटी, 25 नवंबर [एजेंसी]।**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को कहा कि भाजपा का ध्यान हमेशा अल्पसंख्यक मतदाताओं पर रहा है। मगर हमने उनका तुष्टिकरण नहीं किया है। सभी के साथ समान व्यवहार की हमारी नीति है। जून में करीमगंज लोकसभा सीट और हाल ही में सामगुरी विधानसभा सीट पर मिली जीत में भी इसकी झलक दिखती है। सबका साथ-सबका विकास की नीति के तहत भाजपा ने करीमगंज लोकसभा सीट और सामगुरी विधानसभा क्षेत्र में जीत हासिल की है। जबकि दोनों जगहों पर लगभग 65 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता हैं। एक संवाददाता सम्मेलन में हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि भाजपा ने 2026 के विधानसभा चुनाव के लिए अल्पसंख्यक बहुल सीटों के लिए अपना रोडमैप तैयार कर लिया है। पार्टी ने अभी पांच-छह निर्वाचन क्षेत्रों की पहचान की है। अगले चुनाव में लाहौरीघाट, उत्तर और दक्षिण करीमगंज, सामगुरी और रूपोही सीटों पर नजर रहेगी। भाजपा जीतेगी या नहीं, यह मैं नहीं कह सकता। मगर हम अच्छी टक्कर देंगे।हिमंत सरमा ने दावा किया कि बदरुद्दीन अजमल के नेतृत्व वाली AIUDF ने इस बार



सामगुरी में उपचुनाव नहीं लड़ा। इसका फायदा सीधे भाजपा को हुआ है। उन्होंने कहा कि अगर AIUDF ने यहां अपना उम्मीदवार खड़ा करता तो भाजपा के वोट कटते। उपचुनाव में सभी पांच विधानसभा सीटों पर भाजपा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन की जीत को सरमा ने अभूतपूर्व बताया।सीएम सरमा ने कहा कि आम तौर पर आम चुनाव से पहले उपचुनाव सत्तारूढ़ पार्टी के लिए अनिश्चितता भरे होते हैं। मगर हम लोगों के अपार समर्थन के लिए उनके आभारी हैं।

हमें चार सीटें जीतने का भरोसा था। मगर 25 साल बाद कांग्रेस के चंगुल से सामगुरी को छुड़ाने की बात ही अलग है। सरमा ने कहा कि भाजपा अपने सहयोगियों के प्रति प्रतिबद्ध है। उपचुनाव में भाजपा ने बोंगाईगांव और सिदली सीट एजीपी और यूपीपीएल को दी। मगर कांग्रेस ने सीपीआई (एमएल) लिबरेशन से बेहाली सीट छीन ली। सीएम ने कहा कि चुनाव जीतने वाले सभी विधायक किसी भी राजनीतिक परिवार से नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमारे आदर्श नरेंद्र मोदी, अटल बिहारी वाजपेयी हैं। इनका कोई राज परिवार नहीं है। कांग्रेस के लिए उनके आदर्श राज परिवार वाले राहुल गांधी और प्रियंका गांधी हैं। हमारा ध्यान हमेशा अल्पसंख्यक मतदाताओं पर रहा है। मगर हमने किसी का तुष्टिकरण नहीं किया। सभी को न्याय हमारा सिद्धांत हैं।

## महाराष्ट्र में सीएम पद की दौड़ तेज, शिवसेना-एनसीपी ने शिंदे और अजित पवार को चुना नेता, भाजपा पर टिका अंतिम फैसला

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल करने के बाद अब महायुति के सामने अगला लक्ष्य सरकार बनाना है। अगले मुख्यमंत्री को लेकर लग रही अटकलों के बीच संख्या बल जुटाने की चिंता न करते हुए भाजपा, शिवसेना और एनसीपी नेता रविवार को व्यस्त रहे। तीनों दलों के नेताओं ने एकमत होकर कहा कि भाजपा हाईकमान के वरिष्ठ नेता ही मुख्यमंत्री पद पर अंतिम फैसला लेंगे। गौरतलब है कि शिंदे के खेमे की मांग है कि उन्हें मुख्यमंत्री बनाए रखा जाए, वहीं राज्य भाजपा नेताओं की दृढ़ इच्छा है कि उनके प्रतिनिधि देवेंद्र फडणवीस को नई सरकार का प्रभारी बनाया जाए। ऐसे में इस मुद्दे को सुलझाने में भाजपा आलाकमान का मत सबसे ज्यादा मायने रखता है। शिंदे और अजित गुट फिलहाल दिल्ली मुख्यालय से नियुक्त पर्यवेक्षक की मौजूदगी में भाजपा विधायक दल की बैठक का इंतजार कर रहे थे, जो अगले मुख्यमंत्री के बारे में आलाकमान का संदेश लेकर आ सकता है।भाजपा विधायक दल के नेता के लिए देवेंद्र फडणवीस लोकप्रिय विकल्प हैं। भाजपा के अधिकांश विधायक शहर में पहुंच चुके हैं और बाकी के रविवार रात तक आने की उम्मीद है। गठबंधन सहयोगियों के लिए नेता चुनना आसान काम था, क्योंकि शिवसेना के मौजूदा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और एनसीपी के अजित पवार के अलावा कोई और दावेदार नहीं था। रविवार को हुई बैठकों में मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को उनके संबंधित पार्टी नेता के रूप में चुना गया है। कहा जा रहा है कि दिल्ली से भाजपा के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में पवार की पार्टी मुख्यमंत्री के रूप में फडणवीस का समर्थन कर सकती है।

## उद्धव गुट पर भारी पड़ी शिंदे की सेना, आर-पार की लड़ाई में 36 सीटों पर मारी बाजी



**मुंबई, 25 नवंबर [एजेंसी]।**

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 36 निर्वाचन क्षेत्रों में उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) को करारी मात दी। इससे अब यह बहस लगभग समाप्त हो गई कि दिवंगत बालासाहेब ठाकरे द्वारा स्थापित असली शिवसेना कौन है। सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के घटक शिंदे की शिवसेना ने 81 सीटों पर चुनाव लड़कर 57 सीटें जीतीं। विपक्षी महाविकास आघाड़ी में सहयोगी शिवसेना (यूबीटी) 95 उम्मीदवार उतारने के बावजूद केवल 20 सीटें ही जीत पाई। 14 सीटों पर उसने शिवसेना के उम्मीदवारों को हराया। आईएएनएस के अनुसार, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना से बगावत कर एकनाथ शिंदे के साथ आए 39 विधायकों में से 30 ने चुनाव जीत लिया है। स्वयं शिंदे ने एक लाख से अधिक वोटों के अंतर से फिर से चुनाव जीता है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी शिवसेना यूबीटी उम्मीदवार केदार दिघे को हराया। शिंदे के साथ आए केवल पांच मौजूदा विधायक ही चुनाव हारे। जबकि, चार सीटों पर नए उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था। शिंदे ने जून 2022 में उद्धव के खिलाफ विद्रोह कर दिया और अपने समर्थकों के साथ भाजपा के साथ गठबंधन कर वह मुख्यमंत्री बन गए। इस कदम से शिवसेना में फूट पड़ गई और दोनों गुटों के बीच प्रतिदिन तकरार होने लगी। इसके बाद शिंदे को चुनाव आयोग से पार्टी का नाम और उसका चुनाव चिन्ह धनुष-बाण मिल गया। शिंदे ने अपने अधिकांश मौजूदा विधायकों को अपने साथ बनाए रखा है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अजीत पवार के नेतृत्व वाली राकांपा ने शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा (शरदचंद्र पवार) को 29 सीट पर हराया। राकांपा ने कुल 41 सीट पर जीत दर्ज की है।

## पिकनिक मनाने गए 3 डॉक्टर नदी में डूबे, 13 साल की बच्ची को बचाने के चक्कर में लगाई छलांग, 1 की गई जान

**सिंगरौली, 25 नवंबर [एजेंसी]।**

सिंगरौली में एक दिलदहलाने वाली घटना सामने आई है। लंघाडोल गोपद नदी में पिकनिक मनाने गए एनसीएल के 3 डॉक्टर समेत 5 लोगों का परिवार हादसे का शिकार हो गया। एनसीएल के तीन डॉक्टर व विजिलेंस विभाग के दो अधिकारीयों का परिवार रविवार को पिकनिक मनाने लघाडोल के गोपद नदी के देऊरदह घाट के किनारे आया हुआ था।इनमें से रिटायर डॉ प्रवीण मुंडा, डॉ हरीश सिंह पिता योगेंद्र सिंह, डॉ डी जे बोरा, विजिलेंस विभाग से सुनील कुमार पिता सुभाष कुमार एवं पी के भंडारी उर्फ प्रवीण कुमार शामिल थे। पिकनिक के दौरान रिटायर्ड डॉक्टर प्रवीण मुन्डा की 13 वर्ष की बच्ची प्रेरणा ट्यूब के सहारे तैरते हुए गहरे पानी में चली गई, जिसे बचाने गए डॉ प्रवीण मुंडा, डॉ हरीश सिंह व डॉ डी जे बोरा भी डूबने लगे।

सभी को मंदिर में मौजूद स्थानीय लोगों द्वारा बचाने का प्रयास किया गया, जिसमें डॉ मुंडा एवं डॉ बोरा को तो सुरक्षित निकाल लिया गया, वहीं इस हादसे में नेहरू के डेंटल एचओडी डॉ हरीश सिंह की मौत हो गई। समाचार मिलने तक 13 वर्षीय बच्ची प्रेरणा की तलाश अब भी लगातार जारी है। डॉक्टर और एनसीएल के कर्मी पिकनिक मनाने गए थे बच्ची ट्यूब के सहारे नदी में तैर रही थी अचानक तैरते-तैरते 13 वर्षी बच्ची बहाव की धारा में बहने लगी जिसे बचाने के लिए तीनों डॉक्टर नदी में कूद गए और खुद ही डूबने लगे स्थानीय लोगों के मदद से दो लोगों को बचा लिया गया परंतु एक डॉक्टर की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई।

# अदाणी को सीधे नोटिस नहीं दे सकती अमेरिकी एजेंसी

**न्यूयॉर्क, 25 नवंबर [एजेंसी]।**

अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) को अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी तथा उनके भतीजे सागर को कथित 26.5 करोड़ डॉलर (2,200 करोड़ रुपये) के रिश्वत मामले में उचित राजनयिक चैनलों के जरिये समन भेजना होगा। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि एसईसी के पास किसी विदेशी नागरिक को सीधे नोटिस देने का कोई अधिकार नहीं है।एसईसी चाहती है कि अदाणी अनुकूल सौर ऊर्जा अनुबंध हासिल करने के लिए रिश्वत देने के आरोपों पर अपना रुख स्पष्ट करें। पूरे मामले से अवगत दो सूत्रों ने कहा कि इस अनुरोध को स्थापित प्रोटोकॉल के तहत अमेरिका में




भारतीय दूतावास के माध्यम से भेजना होगा और अन्य राजनयिक औपचारिकताओं का पालन करना होगा। अमेरिकी एसईसी का विदेशी नागरिकों पर कोई अधिकार नहीं है और वह उन्हें डाक द्वारा कुछ भी नहीं भेज सकती।1965 का हेग सम्मेलन और भारत-अमेरिका के बीच पारस्परिक कानूनी सहायता संधि ऐसे मामलों को नियंत्रित करती है। सूत्रों के मुताबिक यह समन एसईसी के न्यूयॉर्क की अदालत के समक्ष दायर कानूनी दस्तावेज का हिस्सा है और इसे अदाणी तक पहुंचने में कुछ समय लगेगा। अभी तक अदाणी को कोई समन नहीं सौंपा गया है। बताते चलें, गौतम अदाणी और उनके भतीजे सागर सहित सात अन्य पर बुधवार को न्यूयॉर्क की एक अदालत में मुकदमा शुरू हुआ।

इसके मुताबिक इन लोगों ने अनुकूल सौर ऊर्जा आपूर्ति अनुबंध पाने के लिए 2020 और 2024 के बीच भारतीय सरकारी अधिकारियों को लगभग 26.5 करोड़ डॉलर की रिश्वत देने पर सहमति जताई थी।उद्योगपति गौतम अदाणी के खिलाफ अमेरिका में कथित रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी के आरोप की जांच की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दायर की गई है। याचिका में कहा गया है कि इस कदम से समूह द्वारा किया गया कदाचार सार्वजनिक हो गया है। यह याचिका अधिवक्ता विशाल तिवारी द्वारा हिंडनबर्ग विवाद को लेकर दायर याचिकाओं में एक अंतरिम आवेदन के रूप में दाखिल की गई है।

# हेलो, RBI से बोल रहा हूं..., इंदौर में क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी को डिजिटल अरेस्ट करने की कोशिश

**इंदौर, 25 नवंबर [एजेंसी]।**

सीबीआई, ईडी और आरबीआई अफसर बनकर देशभर में डिजिटल अरेस्ट करके ठगी के मामले तेजी से बढ़े हैं। रविवार को साइबर ठगों ने इंदौर की क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी (एडीसीपी) राजेश दंडोतिया को भी डिजिटल अरेस्ट करने का प्रयास किया। पुलिस अधिकारी के पास जब डिजिटल अरेस्ट के लिए फोन आया तब वह मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। साइबर ठगों ने पहले एडीसीपी से अपराधियों की तरह सवाल पूछे। हालांकि जब उनका बयान दर्ज करने के लिए वीडियो काल लगाया तो अपराधी एडीसीपी दंडोतिया को वर्दी में देख कर चौंक गए और तत्काल फोन काट दिया।साइबर अपराधियों की काल आने के दौरान एडीसीपी दंडोतिया पुलिस कंट्रोल रूम स्थित अपराध शाखा में मीडिया ब्रीफिंग कर रहे थे, तभी उनके मोबाइल पर फोन नंबर 1(684) 751-6466 से आटो रिकार्डेड काल आया। काल करने वाले ने एडीसीपी को बताया कि वह आरबीआई का




अधिकारी है। ठग ने कहा कि आपके नाम से जारी आधार कार्ड का दुरुपयोग हुआ है।

उससे एक लाख रुपये का संदिग्ध ट्रांजेक्शन हुआ है। इसलिए आरबीआई द्वारा उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। साथ ही 11 हजार 930 रुपये की पेनाल्टी भी लगाई है। ठग ने केस के संबंध में बयान और स्पष्टीकरण के लिए दो घंटे में मुंबई में अंधेरी ईस्ट थाना पुलिस के समक्ष पेश होने को कहा। मोबाइल नंबर देखकर और ठग की बात सुनते ही एडीसीपी समझ गए कि उन्हें डिजिटल अरेस्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने तुरंत मीडियाकर्मियों को इशारा कर ठग की बातचीत रिकार्ड करना शुरू कर दी।ठग ने उनसे बाकायदा पुलिस अधिकारी के अंदाज में बात की और हाजिर होने का आदेश दिया। आनलाइन बयान दर्ज करने के नाम पर ठग ने जैसे ही वीडियो काल लगाया एडीसीपी वर्दी में दिखे, तब ठग ने मीडियाकर्मियों की भीड़ देख कर पूछा ये आसपास कौन खड़े हैं। एडीसीपी ने अपना परिचय दिया और कहा कि मैं स्वयं पुलिस अधिकारी हूं। मैंने तुम्हारी करतूत कैमरे में रिकार्ड कर ली है। इतना सुनते ही ठग ने फोन कट कर दिया।

## मेक्सिको के बार में भीषण गोलीबारी से 6 लोगों की मौत, 5 घायल

**सैन जुआन।** दक्षिण-पूर्वी मेक्सिको के एक बार में रविवार को बंदूकधारियों ने गोलीबारी की। समाचार एजेंसी एपी ने स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के हवाले से बताया कि घटना में छह लोगों की मौत हो गई और कम से कम पांच अन्य घायल हो गए।एपी के अनुसार यह गोलीबारी तटीय प्रांत तबास्को में हुई, जो हाल ही में हिंसा में वृद्धि से जूझ रहा है। मेक्सिको के सार्वजनिक सुरक्षा सचिव उमर गार्सिया हार्फुच ने एक्स पर कहा कि गोलीबारी विलेहरमोसा में हुई और अधिकारी मामले को सुलझाने में मदद करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ काम कर रहे हैं।फिलहाल किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं मिली है और यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया है कि गोलीबारी की वजह क्या थी।

## गुनगुनी धूप और तेज हवा ने दिलाई राहत, प्रदूषण में गिरावट, अगले तीन कैसी रहेगी दिल्ली की हवा

**नईदिल्ली, 25 नवंबर [एजेंसी]।**

दिन भर निकली रही गुनगुनी धूप और चली तेज हवा के कारण रविवार को प्रदूषण के स्तर में खासी गिरावट देखी गई। लोगों ने भी राहत महसूस की और खुलकर सांस ली। दिल्ली के किसी भी इलाके की हवा गंभीर श्रेणी में नहीं थी। अगले तीन दिन तक कमोबेश यही स्थिति बने रहने के आसार हैं।केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा जारी एयर क्वालिटी बुलेटिन के अनुसार रविवार को दिल्ली का एक्यूआई 318 दर्ज किया गया। इस स्तर की हवा को बहुत खराब श्रेणी में रखा जाता है। एक दिन पहले यह 412 यानी गंभीर श्रेणी में था।वहीं, स्विस कंपनी के ऐप आईक्यू एयर के मुताबिक रविवार को दिल्ली का एक्यूआई 238 रिकॉर्ड किया गया। इस स्तर की हवा को खराब श्रेणी में रखा जाता है। मौसमी हालात और प्रदूषण से मिली राहत इसी अंक के कहीं ज्यादा समीप दिखी।राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक पर हर घंटे अपडेट प्रदान करने वाले सीपीसीबी के समीर ऐप के अनुसार, दिल्ली के 38 निगरानी स्टेशनों में से किसी ने भी रविवार को गंभीर श्रेणी में एक्यूआई दर्ज नहीं किया, जबकि शनिवार को 20 स्टेशनों पर गंभीर श्रेणी की वायु गुणवत्ता रिकॉर्ड की गई थी। हवा की गति 10 से 12 बकिमी प्रति घंटे तक रही।रविवार को प्रमुख प्रदूषक तत्व पीएम 2.5 का स्तर दोपहर तीन बजे 138 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज किया गया। वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए केंद्र की निर्णय सहायता प्रणाली (डीएसएस) का अनुमान है कि रविवार को दिल्ली के प्रदूषण में वाहनों के उत्सर्जन का योगदान 18.1 प्रतिशत था।



## प्रदूषण से बचने के लिए इस तरह का होना चाहिए ड्रेसप

दिल्ली-एनसीआर समेत आसपास के इलाकों की हवा जहरीली हो गई है. लोगों का खुलकर सांस लेना भी दुश्वार हो गया है. एयर क्वॉलिटी इंडेक्स आए दिन खतरनाक लेवल क्रॉस कर रहा है. वायु प्रदूषण बढ़ने की वजह से लोगों की सेहत में गंभीर नुकसान देखने को मिल रहे हैं. पॉल्यूशन लोगों के फेफड़ों को बीमार कर रहा है. वहीं दिल से जुड़ी बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ रही है. इसके साथ ही कई रिसर्च में प्रदूषण की वजह से कैंसर होने के खतरे की बात भी सामने आ रही है. इन सभी के पीछे का कारण है एक महीन कण पीएम 2.5 (पार्टिकुलेट मैटर 2.5). यही सभी बीमारियों की जड़ है. वायु में घुले इस बारीक कण की वजह से ही लोग बीमार पड़ रहे हैं. ये सांस के जरिए सीधे लोगों के फेफड़ों में पहुंच रहा है. इससे बचने का सिर्फ एक ही तरीका है वो है मास्क. अब लोगों में मास्क को लेकर भी बड़ी कंफ्यूजन है कि कौन सा मास्क दिल्ली जैसे प्रदूषण से बचाव कर सकता है. आइए जानते हैं एन95 बनाम एन99 मास्क में कौन सा मास्क आपके लिए बेहतर रहेगा. हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक एन95 मास्क मेडिकल तौर पर सबसे ज्यादा इफेक्टिव होता है. दिल्ली-एनसीआर में जो लोग रोजाना प्रदूषण के संपर्क में आते हैं उनके लिए 95त्न फिल्ट्रेशन रेट के लिए एफएफपी1 मास्क अच्छा साबित हो सकता है. इससे फायदा न मिले तो एन95 मास्क का यूज करें. एन95 मास्क पीएम 2.5 और अन्य प्रदूषक को 95त्न तक फिल्टर कर सकता है. एन99 मास्क प्रदूषण को पूरी तरह रोक नहीं पाता है. लेकिन काफी हद तक छोटे कणों को शरीर के अंदर जाने से रोक सकता है. एन100 मास्क -एन100 मास्क हाई लेवल फिल्टरेशन का काम करते हैं. एन100 99.97त्न तक प्रदूषक तत्वों को फ़िल्टर करता है. इनका इस्तेमाल बहुत अधिक प्रदूषित जगहों पर किया जाता है. इनमें सांस लेना थोड़ा मुश्किल होता है. इसे ज्यादा देर तक इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है. पी95 मास्क ऑयल बेस्ड पार्टिकल्स से बचाव करता है. नॉन-ऑयल और ऑयल बेस्ड पार्टिकल्स जैसे प्रदूषण वाले वातावरण के लिए परफेक्ट हैं. इन्हें शॉर्ट टर्म के लिए यूज कर सकते हैं. एक्सपर्ट के अनुसार पीएम 2.5 (पार्टिकुलेट मैटर 2.5) कणों की वजह से बचने के लिए हमेशा ऐसा मास्क खरीदना चाहिए जिनकी सील पक्की हो. इसके साथ ही इस बात का खास ख्याल रखें की उनमें कार्बन डाइऑक्साइड को बाहर निकालने के लिए वॉल्व भी बना हो.

# केरल की यह अद्भुत जगह देख भूल जाएंगे मुन्नार और वायनाड

**मुन्नार में मौजूद रानीपुरम एक ऐसी जगह है, जिसकी खूबसूरती देख यकीनन आप वायनाड और मुन्नार जैसे फेमस हिल स्टेशनों को भूल जाएंगे। ऐसे में अगर आप भी केरल घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। अक्सर लोग छुट्टी मिलते ही घूमने का प्लान बना लेते हैं। वैसे तो हमारे देश में घूमने के लिहाज से कई बेहतरीन जगहें मौजूद हैं। लेकिन जब दक्षिण भारत के किसी शानदार जगह पर घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले केरल का नाम लेते हैं। केरल विश्व प्रसिद्ध टूरिस्ट प्लेस है। अरब सागर के तट पर स्थित केरल में एक से एक बेहतरीन जगहें हैं। यहां पर न सिर्फ देश से बल्कि विदेशी लोग भी घूमने के लिए पहुंचते हैं। वहीं मुन्नार में मौजूद रानीपुरम एक ऐसी जगह है, जिसकी खूबसूरती देख यकीनन आप वायनाड और मुन्नार जैसे फेमस हिल स्टेशनों को भूल जाएंगे। ऐसे में अगर आप भी केरल घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको रानीपुरम की खासियत और यहां मौजूद कुछ शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।**



### रानीपुरम

केरल के कासरगोड जिले में स्थित रानीपुरम एक बेहद खूबसूरत, अद्भुत और शानदार हिल स्टेशन है। यह केरल के छिपे हुए खजानों में से एक माना जाता है। यह ऊंचे-ऊंचे पहाड़, आकर्षक नजारे और सदाबहार वनस्पतियों के लिए पूरे राज्य में फेमस है। रानीपुरम का शांत और सुकून भरा वातावरण पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। आप यहां पर परिवार या पार्टनर के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड कर सकते हैं।

### घूमने की बेस्ट जगहें

बता दें कि रानीपुरम में कई बेहतरीन और अद्भुत जगहें मौजूद हैं, जहां पर घूमने के बाद आप मुन्नार और वायनाड जैसी जगहों को यकीनन भूल जाएंगे।

### वाइल्डलाइफ सेंक्चुअरी

अगर रानीपुरम में किसी शानदार और मनमोहक जगह घूमने की बात की जाए, तो रानीपुरम वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी का नाम सबसे पहले आता है। समुद्र तल से करीब 750 मीटर पर मौजूद यह जगह प्रकृति प्रेमियों के लिए हसीन जन्नत के समान है। रानीपुरम वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी सिर्फ केरल ही नहीं बल्कि कर्नाटक की खूबसूरती को बढ़ाता है। यह कर्नाटक की सीमा पर मौजूद है और आप यहां पर बाघ, हाथी, जंगली सुअर, जंगती बंदर और हिरण आदि कई जानवरों को बेहद करीब से देख सकते हैं।

### रानीपुरम ट्रेक

यह ट्रेक किसी हसीन ख्वाब से कम नहीं हैं। क्योंकि रानीपुरम ट्रेक कासरगोड की सबसे ऊंची चोटी है। जब आप इस ट्रेक पर जाते हैं, तो आपको अपने चारों ओर लुभावने और मनमोहक दृश्य दिखाई देते हैं। इस ट्रेक की हरियाली भी पर्यटकों को खूब लुभाती है। चोटी की ऊंचाई से आसपास का नजारा बेहद खूबसूरत लगता है।

### मालोम गांव

बता दें कि रानीपुरम से कुछ ही दूरी पर मालोम गांव है। यह गांव प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग है। यहां पर ऊंचे-ऊंचे पहाड़, चाय और कॉफ़ी के बागानों के बीच मौजूद यह गांव खूबसूरती का खजाना माना जाता है। आप मालोम गांव में केरल की पारंपरिक और सांस्कृतिक रिवाजों को करीब से देख सकते हैं। इसके साथ ही चाय और कॉफी के बागानों की फोटोग्राफी भी कर सकते हैं।

# बच्चों को खुश रखने के लिए उन्हें सिखाएं डांस

बच्चों को खुश और स्वस्थ रखने के लिए डांस एक बेहतरीन तरीका है। यह न केवल उनके शारीरिक विकास में मदद करता है, बल्कि मानसिक और भावनात्मक संतुलन भी बनाए रखता है।डांस एक्टिविटी से बच्चे अपनी भावनाओं को व्यक्त कर सकते हैं और आत्मविश्वास बढ़ा सकते हैं।इस लेख में हम जानेंगे कि कैसे आप बच्चों को डांस एक्टिविटी के माध्यम से खुशी सिखा सकते हैं।

संगीत का चयन करें

बच्चों के लिए सही संगीत का चयन करना बहुत जरूरी है।ऐसा संगीत चुनें, जो बच्चों को पसंद आए और उन्हें नाचने के लिए प्रेरित करे। बच्चों की उम्र और रुचियों के अनुसार गाने चुनें, जैसे कि कार्टून थीम सॉन्ग या लोकप्रिय बाल गीत।इससे बच्चे आसानी से जुड़ाव महसूस करेंगे और डांस करने में मजा आएगा। इसके अलावा संगीत का ताल और लय भी ध्यान में रखें ताकि बच्चे आसानी से उसके साथ तालमेल बिठा सकें।

सरल स्टेप्स सिखाएं

शुरुआत में बच्चों को सरल स्टेप्स सिखाएं ताकि वे आसानी से समझ सकें और उनका आत्मविश्वास बढ़े। छोटे-छोटे कदमों से शुरुआत करें, जैसे कि हाथ हिलाना, पैर



चलाना या घुमना।धीरे-धीरे इन स्टेप्स को जोड़कर एक छोटी सी रूटीन बनाएं जिसे बच्चे आसानी से याद कर सकें।बच्चों को प्रोत्साहित करें कि वे खुद भी नए स्टेप्स आजमाएं और अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करें। इससे उनका आत्मविश्वास और भी बढ़ेगा और वे डांस का पूरा आनंद ले सकेंगे।

खेल-खेल में सीखना

बच्चों को खेल-खेल में डांस सिखाना सबसे अच्छा तरीका है।आप म्यूजिकल चेयर, फ्रीज डांस या अन्य मजेदार गेम्स का उपयोग कर सकते हैं, जिसमें बच्चे बिना किसी दबाव के नाच सकें। इससे वे बिना किसी तनाव के नई चीजें सीखेंगे और उनका ध्यान भी बना रहेगा।इसके अलावा आप बच्चों को अलग-अलग गानों पर नाचने के लिए प्रेरित कर सकते हैं, जिससे वे अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन कर सकें और डांस का पूरा आनंद ले सकें।

समूह गतिविधियां आयोजित करें

समूह गतिविधियों का आयोजन करके बच्चों को टीमवर्क की अहमियत समझाई जा सकती है। ग्रुप डांस प्रैक्टिस करवाएं जहां सभी बच्चे मिलकर एक साथ नाच सकें।इससे उनमें सहयोग की भावना विकसित होगी और वे दूसरों के साथ मिलकर काम करना सीखेंगे।आप बच्चों को अलग-अलग समूहों में बांट सकते हैं और उन्हें कई गानों पर डांस करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। इससे वे एक-दूसरे के साथ तालमेल बिठाना सीखेंगे और उनकी रचनात्मकता भी बढ़ेगी।

प्रोत्साहन दें- बच्चों को प्रोत्साहित करना बहुत जरूरी है ताकि वे अपने प्रयासों पर गर्व महसूस करें। उनकी छोटी-छोटी उपलब्धियों पर तारीफ करें और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दें।जब बच्चे देखेंगे कि उनके प्रयासों की सराहना हो रही है तो वे अधिक उत्साहित होकर बेहतर प्रदर्शन करेंगे।सही संगीत का चयन, सरल स्टेप्स सिखाना, खेल-खेल में सीखना, समूह गतिविधियां आयोजित करना और प्रोत्साहन देना, ये सभी तरीके आपके बच्चों को खुश रखने में मदद करेंगे।

## शादी के बाद सेट पर पहुंचीं सुरभि ज्योति, सबसे खुश दिखीं तो फैंस बोले-माशाअल्लाह



न्यूली वेड टीवी जगत की स्टाइलिश और खूबसूरत अभिनेत्री सुरभि ज्योति ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो मोंटाज शेयर किया, जो शूटिंग सेट का है। इसमें 'नागिन' स्टार काफी खुश नजर आ रही हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर सुरभि ज्योति ने लिखा सेट पर सबसे खुश। वीडियो मोंटाज में अभिनेत्री कई खूबसूरत लिबास में सादगी के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। प्रशंसक उनकी पोस्ट को काफी पसंद कर रहे हैं। एक प्रशंसक ने कैप्शन में लिखा 'माशाअल्लाह मेरी प्रिंसेज, एक अन्य ने लिखा अब आपकी वापसी हो गई, हम इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। दूसरे ने लिखा आप हर लुक में कमाल की लगती हैं। बता दें कि अभिनेत्री पिछले महीने 27 अक्टूबर को बॉयफ्रेंड सुमित सूरी संग शादी के बंधन में बंधी थीं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर शादी की तस्वीरें प्रशंसकों के साथ शेयर की थी। इस विवाह के गवाह दोनों के करीबी रिश्तेदार और दोस्त बने थे। अभिनेत्री ने शादी की तस्वीरों के साथ हल्दी, मेंहदी, म्यूजिक नाइट्स समेत कई रस्मों की तस्वीरें भी शेयर की थीं, जिसमें पहली रसोई की तस्वीरें भी शामिल हैं। अभिनेत्री ने पहली रसोई में हलवा बनाया था। सुरभि ने पंजाबी फिल्मों 'इक कुड़ी पंजाब दी', 'रौला पै गया' और 'मुंडे पटियाला दे' के साथ-साथ पंजाबी टीवी सीरीज 'अखियां ते दूर जाए ना' में भी काम किया है। सुरभि रोमांटिक-ड्रामा 'कुबूल है' में जोया फारूकी की भूमिका निभाने के बाद घर-घर लोकप्रिय हो गई थीं, जिसके लिए उन्हें कई पुरस्कार भी मिले। 'नागिन 3' में उन्होंने नागिन का किरदार निभाया था।

## रेड हॉट ड्रेस पहन मोनालिसा ने अपनी बर्थडे पार्टी पर लगाया ग्लैमर का तड़का

भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा ने 21 नवंबर को अपना 42वां बर्थडे मनाया था। अपने जन्मदिवस के खास अवसर पर एक्ट्रेस ने अपने फैंस को शादार गिफ्ट दिया। दरअसल, मोनालिसा ने अपने बर्थडे की कुछ फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस देखकर फैंस एक बार फिर से उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं।

टीवी और भोजपुरी इंडस्ट्री की हॉट क्वीन मोनालिसा आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी हॉटनेस से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।


हाल ही में मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका रेड हॉट लुक देखकर लोगों के होश उड़ गए हैं। साथ ही लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

मोनालिसा की इन लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने रेड कलर की चमचमाती रिवीलींग शॉर्ट ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक पोज देते हुए इंटरनेट का तापमान बढ़ा रही हैं।

बालों की पोनीटेल बांधकर, कानों में इयररिंग्स, लाइट मेकअप और डार्क रेड शेड लिप्सटिक लगाकर एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

मोनालिसा की यह फोटोज इंस्टाग्राम पर जैसे पोस्ट हुई वैसे ही कई सारे यूजर्स ने टू मच हॉट। यू लुक सो ब्यूटिफुल। लुकिंग ग्लैमरस, टू मच स्टनिंग, उफ्फ ये हॉटनेस लिख कर कॉमेंट्स करने शुरू कर दिए हैं।

एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। इंडियन हो या फिर वेस्टर्न एक्ट्रेस का हर लुक फैंस के बीच आते ही ट्रेंड करने लगता है।



## कंगुवा बॉक्स ऑफिस कलेक्शन दिन 9: सूर्या-बॉबी देओल के एक्शन ड्रामा में भारी गिरावट

सूर्या-बॉबी देओल के एक्शन ड्रामा कंगुवा की हालत बिगड़ती जा रही है. जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे फिल्म का कलेक्शन ग्राफ भी गिरता जा रहा है. 14 नवंबर को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज कंगुवा के 9वें दिन के कलेक्शन में भारी गिरावट दर्ज की गई है. फिल्म ने करोड़ में नहीं बल्कि लाख में कमाई की है, जो कि यह दर्शता है कि फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में से उतर जाएगी.

सूर्या स्टारर कंगुवा के नए वीकेंड की शुरुआत बॉक्स ऑफिस पर और भी विनाशकारी गिरावट के साथ हुई है. फिल्म ने जहां ए सप्ताह में कुल 62.40 करोड़ कमाए हैं. वहीं 8वें दिन 1.9 करोड़ रुपये के साथ फिल्म ने 64.3 करोड़ रुपये का टोटल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की. फिल्म अपने दूसरे वीकेंड में एंटर कर चुकी है. कंगुवा के लिए नया वीकेंड विनाशकारी साबित हुआ. सैकनिल्क के शुरुआती रुझानों के अनुसार, शिवा की निर्देशित इस एक्शन फिल्म ने गुरुवार से शुक्रवार तक लगभग 68 प्रतिशत तक की भारी गिरावट देखी है.

## शब्द सामर्थ्य -246

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, ईसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | ■ | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 245 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लों |
| वा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |

# प्रधानमंत्री आवास योजना से जिंदगी में आया बड़ा बदलाव

**खपरैल से पक्के मकान तक का सफरः दुर्गा बाई, विजय और रामप्रसाद की नई जिंदगी**





**कोरिया बैकुंठपुर।** हर इंसान के जीवन में छत का महत्व शब्दों में नहीं बयां किया जा सकता। जब वह छत खपरैल से पक्की बन जाए, तो यह सिर्फ सुरक्षा ही नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, सुकून और एक नई उम्मीद का भी प्रतीक बन जाती है। कोरिया जिले के सोनहत विकासखंड के ग्राम कटगोड़ी के विजय सिंह और रामप्रसाद सिंह तथा बैकुंठपुर के खुटनपारा की श्रीमती दुर्गा बाई कश्यप की कहानी भी ऐसी ही प्रेरणादायक है। इन परिवारों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान मिलने के बाद अपने जीवन में एक नई रोशनी देखी है।

हमारा जीवन हमेशा संघर्ष से भरा था। बरसात में छत से पानी टपकता, गर्मियों में लू से झुलसते और ठंड में कपड़ों में दुबक कर रात काटनी पड़ती थी। जंगली जानवरों और सांप-बिच्छू का डर हर पल बना रहता था। पक्के मकान का सपना तो जैसे हमारी पहुंच से कोसों दूर था। .दुर्गा बाई ने भी खपरैल के घर में बिताए दिनों को याद करते हुए बताया, हर रात डर के साए में गुजरती थी। घर को बंदर और अन्य जानवर नुकसान पहुंचाते थे। बच्चों की सुरक्षा को लेकर हमेशा चिंता बनी रहती थी। सब कुछ बदलने की शुरुआत तब हुई जब प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्के मकान की स्वीकृति मिली। विजय और रामप्रसाद ने कहा, शुरुआत में विश्वास ही नहीं हुआ कि हमें भी पक्का मकान मिलेगा। लेकिन जब निर्माण कार्य शुरू हुआ, तो हमारे सपने सच होते दिखे। दुर्गा बाई भावुक होकर कहती हैं, जब घर बनकर तैयार हुआ और हमने पहली बार परिवार के साथ उसमें कदम रखा, तो ऐसा लगा जैसे हमारा जीवन फिर से शुरू हो गया। आज हम सुकूनभरी नींद सोते हैं और भविष्य के लिए नए सपने देखते हैं। आज ये परिवार सुरक्षित और सशक्त महसूस करते हैं। पक्के मकान ने उन्हें न केवल प्रकृति की मार से बचाया, बल्कि आत्मसम्मान और समाज में एक नई पहचान भी दी। रामप्रसाद कहते हैं, पहले हम सिर्फ जी रहे थे, लेकिन अब हम खुशहाल जीवन जी रहे हैं। घर में शांति है और भविष्य के लिए हमारी उम्मीदें मजबूत हो गई हैं। दुर्गा बाई ने कहा इस घर ने हमें सुरक्षा दी, परिवार को बेहतर माहौल और हमें आत्मविश्वास।

आज हमें किसी से पीछे होने का अहसास नहीं होता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छाशक्ति और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नीतियों का असर अब जमीन पर दिख रहा है। लाखों परिवारों को पक्के मकान देने का यह कदम न केवल उन्हें सुरक्षा प्रदान कर रहा है, बल्कि उनके जीवन स्तर को नई ऊंचाई भी दे रहा है। यह कहानी सिर्फ तीन परिवारों की नहीं है, बल्कि उन लाखों परिवारों की है जो खपरैल से पक्के मकान तक का सफर तय कर रहे हैं।

## पार्षद ने किया अपने वार्ड के मितानिनों को सम्मानित

**अंबिकापुर।** मितानिन दिवस के अवसर पर नवागढ़ वार्ड क्रमांक 40 की पार्षद फौजिया नाज इदरीशी कांग्रेस नेता बाबर इदरीशी ने अपने वार्ड की मितानिनों का शाल ,श्रीफल व डायरी पेन देकर स्वागत किया। सभी को मिठाई खिलाई व उनके बेहतर कामों के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में वार्ड की मितानिन सरिता गुप्ता, हसीन खान ,कोमल कश्यप, मंजू केरकेट्टा, संगीता पैकरा सहित अरशद,मोनू, नानू सोनी ,परवीन, नाजिया, परवीन सहित अन्य उपस्थित थे। पार्षद फौजिया नाज इदरीशी ने कहा कि मितानिनों ने अपने काम से नाम कमाया है। लोगों की निस्वार्थ सेवा कर उन्हें जागरूक करने में प्रमुख भूमिका इन मितानिनों की है।

## करोड़ों की लागत से बदलेगी रेलवे स्टेशन की तस्वीर

**रायपुर।** रेलवे देश की लाइफ्लाइन है । रेलवे लगातार यात्री सेवा को सुलभ करने के लिए नवीनतम तकनीक, सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने पर काम कर रही है । वर्तमान में रेल मंत्रालय के महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधा प्रदान करने हेतु स्टेशनों के पुनर्विकास व अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों के उन्नयन का कार्य किए जा रहे हैं । इसी क्रम में बिलासपुर रेलवे स्टेशन को 435 करोड़ रुपए की लागत, रायपुर रेलवे स्टेशन को 456 करोड़ रुपए की लागत एवं दुर्ग रेलवे स्टेशन को 463 करोड़ रुपए की लागत से पुनर्विकसित किया जा रहा है।

# अवैध 1600 लीटर डीजल सहित 4 गिरफ्तार, पुलिस की कार्यवाही



**सूरजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर ने अवैध कारोबार पर पूर्णतः अंकुश लगाने के सख्त निर्देश थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है। इसी परिप्रेक्ष्य में 23.11.2024 को थाना प्रतापपुर पुलिस ग्राम भ्रमण पर निकली थी इसी दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम दुरती स्थित ढ़ाबा के पीछे 4 व्यक्ति ज्वलनशील पदार्थ डीजल को लापरवाही पूर्वक परिवहन करने हेतु टाटा इन्ट्रा वाहन में लोड़ कर रहे है।

सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची जहां ढ़ाबा के पीछे 4 व्यक्ति रविशंकर गुप्ता पिता प्रमोद गुप्ता उम्र 28 वर्ष ग्राम इंद्रीकला, थाना चांदो जिला बलरामपुर, बृजेश यादव पिता विजय शंकर यादव उम्र 27 वर्ष ग्राम जगदीशपुर भटरिया, थाना अलीनगर, जिला चंदौली उत्तरप्रदेश, संदीप यादव पिता छोटेलाल यादव उम्र 35 वर्ष ग्राम जगदीशपुर भटरिया एवं कमलेश यादव पिता गजन यादव उम्र 34 वर्ष ग्राम भोजपुर, थाना सकलडीहा, जिला चंदौली उत्तरप्रदेश को पकड़ा जिनके द्वारा 200 लीटर क्षमता वाले 6 नग प्लास्टिक व 2 नग टीन की ड्रमों में भरा करीब 1 हजार 6 सौ लीटर डीजल को लापरवाही पूर्वक वाहन क्रमांक यूपी 64 टी 2182 में रखा पाया। इन लोगों से डीजल को रखने एवं परिवहन करने संबंधी दस्तावेज की मांग किए जाने पर कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किए। चारों आरोपियों का कृत्य धारा 287 भारतीय न्याय संहिता व 3, 7 आवश्यक वस्तु अधिनियम का अपराध घटित करना पाए जाने पर 1600 लीटर डीजल कीमत करीब 4 लाख रूपये व टाटा इन्ट्रा वाहन को जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, प्रधान आरक्षक रजनीश त्रिपाठी, मनोज केरकेट्टा, महिला प्रधान आरक्षक सरिता टोप्पो, आरक्षक राजेश तिवारी व अवधेश कुशवाहा सक्रिय रहे।



## कड़ाके की ठंड से राहत नहीं तापमान अब भी सामान्य से नीचे

**अंबिकापुर।** उत्तरी छत्तीसगढ़ में नवंबर माह में लगातार पड़ रही कड़ाके की ठंड से लोग कंपकंपा उठे हैं। सर्द हवा चलने से दिन में भी लोगों को ठंड से राहत नहीं मिल रही है। लगातार तापमान में गिरावट हो रही है। रविवार को संभाग मुख्यालय अंबिकापुर में आठ डिग्री तो मैनपाट में न्यूनतम तापमान 4 8 डिग्री दर्ज किया गया। तापमान सामान्य से नीचे बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक दो दिनों में पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी में हवा के कम दबाव के असर से तापमान में कुछ वृद्धि की संभावना है। इस दौरान बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। इस बार देर से ठंड से दस्तक दी लेकिन धीरे-धीरे इसके तेवर तीखे होते चले गए। नवंबर के दूसरे पखवाड़े में न्यूनतम तापमान लगातार दस डिग्री से नीचे बना हुआ है। यह स्थिति लोगों के लिए कष्टप्रद हो गई है। घर के भीतर लोगों को राहत नहीं मिल रही है। मौसम विज्ञानी एएम भट्ट ने बताया कि ठंडी हवा के साथ कोहरा भी छा रहा है जिससे दिन में तापमान अधिक नहीं बढ़ पा रहा है। रविवार को भी शहर के आसपास के इलाके में घना कोहरा छाया रहा। अधिकतम तापमान नहीं बढ़ने से ठंड ज्यादा- उत्तरी छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे चला गया है। वहीं धूप कमजोर होने व कोहरे के कारण दिन का तापमान भी ऊपर नहीं जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से संभाग मुख्यालय अंबिकापुर का अधिकतम तापमान 25 डिग्री के आसपास बना हुआ है। यह भी सामान्य से नीचे है। अधिकतम तापमान के नहीं बढ़ने से लोगों को ठंड ज्यादा महसूस हो रही है। एक सप्ताह से अंबिकापुर सहित आसपास के इलाके में तापमान के सामान्य से नीचे चले जाने का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। सर्दी-खांसी बुखार के सामान्य मरीजों की संख्या मेडिकल कालेज अस्पताल में बढ़ गई है। कड़ाके की ठंड का विपरीत असर छोटे बच्चे, बुजुर्ग एवं गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों पर पड़ रहा है। चिकित्सकों के अनुसार रक्तचाप, शुगर एवं ह्दय रोग से पीड़ित लोगों को ठंड में अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है। ऐसे लोग घर से बाहर जब भी निकलें तो गर्म कपड़े, मफलर, टोपी जरूर पहनें ताकि बाहर की ठंड से उनका स्वास्थ्य पर असर न पड़े।

# मंत्री लक्ष्मी के काफिले की वाहनें आपस में टकराई, सुरक्षित हैं मंत्री



**राजपुर।** महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े रविवार को सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई। अंबिकापुर-रामानुजंगज राष्ट्रीय राजमार्ग पर राजपुर के चरगढ़ के समीप सामने से आ रही हाइवा से बचने फालो वाहन के चालक ने ब्रेक लगाया तो पीछे से आ रही काफिले की गाड़ियां आपस में टकरा गई। इसमें मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की वाहन भी शामिल थी। उनके वाहन का सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े पूरी तरह स्वस्थ हैं। राजपुर में स्वास्थ्य जांच के बाद वे कुसमी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हो गई। दुर्घटना की खबर लगते ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी राजपुर पहुंच गए थे। घटनास्थल से लेकर राजपुर तक अफरातफरी मची रही। राजपुर पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। रविवार को कुसमी में बिरसा मुंडा स्मृति फुटबाल प्रतियोगिता का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित था। इसी समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को शामिल होना था। दोपहर में अंबिकापुर होते हुए मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का काफिला कुसमी के लिए रवाना हुआ था और चरगढ़ के पास दुर्घटना हो गई। हादसे के बाद थाना प्रभारी कुमार चंदन सिंह ने मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को तत्काल राजपुर पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने उनकी स्वास्थ्य जांच की। बलरामपुर जिले की प्रभारी मंत्री व प्रदेश की महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि सभी के आशीर्वाद और ईश्वर की कृपा से हम सभी सुरक्षित हैं। छोटी सी घटना थी। हम सभी ठीक हैं। जब घटना हुई तो मुझे झपकी आ गई थी। अचानक यह हादसा हुआ। मुझे बताया गया कि एक हाइवा ने असुरक्षित तरीके से क्रास किया। उसी दौरान गाड़ियां आपस में टकरा गई। छत्तीसगढ़ से झारखंड को जोड़ने वाली अंबिकापुर - रामानुजगंज राष्ट्रीय राजमार्ग पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। कई स्थानों पर सड़क पूरी तरह से उधड़ चुकी है। अंतरराज्यीय मार्ग होने के कारण वाहनों का दबाव भी अत्यधिक होता है। जर्जर सड़क पर गड्ढों से बचने चालक वाहनों को भी असुरक्षित तरीके से चलते हैं। इस कारण दुर्घटना की संभावना हर पल बनी रहती है।

## नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी, तीन गिरफ्तार

**रायपुर।** प्रार्थी ने थाना सिटी कोतवाली कोण्डागांव में लिखित आवेदन पेश कर रिपार्ट दर्ज कराया कि 14.11.2024 दिन गुरूवार को जीवनलाल सोम निवासी हल्दीभाटा जिला धमतरी द्वारा पुलिस विभाग मे भर्ती लगा दुंगा कहकर झांसा देकर मेरे साथ एंव मेरे अन्य साथी के साथ कुल 45,000 रूपये लेकर नौकरी लगाने का झांसा देकर धोखधड़ी कर ठगी किया है। कि रिपोर्ट पर थाना कोतवाली कोण्डागांव से जीरो की डायरी नम्बरी हेतु थाना विश्रामपुरी को प्राप्त होने पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले में पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार (भा.पु.से.) कोण्डागावं के दिशानिर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल भूपतसिंह धनेश्री के पर्यवेक्षण में आरोपियों की पतासाजी हेतु तत्काल विशेष टीम गठित कर आरोपियों की पता तलाश शुरू की गई। इस दौरान जीवनलाल सोम अपने घर पर मिला जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपने पास रखे प्रवेश पत्र की छायाप्रति 09 नग एवं 30000 रूपये बरामद किया गया। एवं आरोपी उदय शोरी के कब्जे से 7000 हजार रूपये एवं हेमलाल मरकाम के कब्जे से 5000 रूपये को बरामद किया गया है। जिन्हें 23.11.24 को विधिवत गिरफ्तार कर परिजनों को सूचना दिया गया है। अग्रिम कार्यवाही हेतु न्यायालय पेश किया जा रहा है।

## चंद घंटों में सुलझी अंधे कत्ल की गुत्थी

**रायपुर।** 23 नवंबर की सुबह अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के ग्राम बोरगहन से परसवानी मार्ग पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। मृतक की पहचान ग्राम बासिन निवासी दुखुराम मरकाम के रूप में हुई थी। मृतक कबाड़ का काम करता था और अपने घर लौट रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक एस.आर.भगत के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि मृतक के साथ कुछ दिन पहले कबाड़ बेचने के दौरान अर्जुन्दा के देवार डेरा में रहने वाले राजाबाबू और रोहित मरकाम से विवाद हुआ था। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने हत्या करना कबूल कर लिया।

## अवैध 59 टन कोयला जप्त, थाना विश्रामपुर व सूरजपुर की संयुक्त पुलिस टीम कार्यवाही



**सूरजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर ने अवैध कारोबार पर शत-प्रतिशत अंकुश लगाने के सख्त निर्देश थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है। इसी क्रम में 24.11.2024 को थाना विश्रामपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम मानी लाईनपारा में लावारिश रूप से कोयला डम्प किया गया है। सूचना पर थाना विश्रामपुर व सूरजपुर की संयुक्त पुलिस टीम मौके पर पहुंची जहां 59 टन अवैध कोयला कीमत करीब 2 लाख 95 हजार रूपये का डम्प होना पाया जिसे जप्त कर धारा 106 बीएनएसएस के तहत जप्त कर आगे की कार्यवाही की जा रही

## शराब दुकान के बाहर चाकूबाजी

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में शराब दुकान में चाकूबाजी की वारदात हुई है। इस घटना में एक युवक का हाथ बुरी तरह लहूलुहान हो गया। बताया जा रहा है कि, यह विवाद पैसों के लेन-देन को लेकर हुआ। इस घटना के बाद घायल का मेकाहारा अस्पताल में इलाज जारी है। गंज पुलिस आरोपियों के खिलाफ स्न्नढ्ढक्र दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, राज नाम का युवक दोपहर के 2 बजे के करीब शराब दुकान गया था। वहां पर उसका देवराज और ललित नाम के लड़कों से विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि, विवाद पैसों को लेकर हुआ था। जिसके बाद आरोपियों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू राज के हाथों में लगा। इस घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने विवाद को शांत कराया। इस दौरान आरोपी मौका पाकर भाग गया। इस घटना को लेकर गंज थाना प्रभारी लखन पटेल ने बताया कि, पुलिस की घटना की सूचना मिलते ही घायल का बयान लेकर एफ्आईआर दर्ज की जा रही है। इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम भेजी गई है। जल्द उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

## 10 हजार रिश्वत लेते पुलिस कर्मी गिरफ्तार

**रायपुर।** दुर्ग जिले में एसीबी की टीम ने स्मृति नगर थाने में प्रधान आरक्षक को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपी प्रधान आरक्षक रामकृष्ण सिन्हा को 10,000 रूपये रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों पकड़ा गया है। दरअसल, एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी बी-फार्मा का विद्यार्थी है जो नेहरू नगर जिला-दुर्ग में निवास करता है। उसने एन्टी करप्शन ब्यूरो रायपुर में शिकायत की थी कि उसका कुछ दिन पूर्व एक विवाद हुआ था जिसकी शिकायत थाने में लंबित थी। जांच दौरान प्रधान आरक्षक रामकृष्ण सिन्हा से मुलाकात करने पर शिकायत को नस्तीबद्ध करवाने के एवज में उसके द्वारा प्रार्थी से 20,000 रुपए रिश्वत की मांग की गई। प्रार्थी रिश्वत नहीं देना चाहता था बल्कि प्रधान आरक्षक रामकृष्ण सिन्हा को रंगे हाथों पकड़वाना चाहता था। शिकायत सत्यापन दौरान आरोपी प्रधान आरक्षक ने 10,000 रुपए लेने को सहमत हुआ। सत्यापन पश्चात आज आरोपी प्रधान आरक्षक रामकृष्ण सिन्हा को 10,000 रूपये रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों पकड़ा गया। प्रकरण में आरोपी के विरूद्ध धारा 7 पीसीएक्ट 1988 के प्रावधानों के तहत् अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## प्रदेश में बढ़ने लगा ठंड का असर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सर्दी बढ़ने लगी है। शनिवार को ही प्रदेश के लगभग सभी जिलों में पारा काफी नीचे चला गया। जगदलपुर में शनिवार को सबसे कम पारा 13.1 डिग्री दर्ज किया गया। बीते साल नवंबर में 15 डिग्री से पारा नीचे नहीं गिरा था। रायपुर में इस सीजन का सबसे कम पारा 14.9 डिग्री दर्ज किया गया है। जो बीते साल 17.5 तक ही कम हुआ था। बिलासपुर में अब तक 13.2 डिग्री तक गिरा है, जबकि बीते साल का पारा 15.6 डिग्री तक ही कमी आई थी। पेण्ड्रारोड में शनिवार को अब तक 09.4 डिग्री पर पारा रहा। जो बीते साल में 12.4 डिग्री तक गिरा था। अंबिकापुर में पारा शनिवार को 08.4 डिग्री था। जो बीते साल नवंबर में सबसे कम पारा 9.8 तक ही गिरा था। प्रदेश में हवा की दिशा बदल रही है। उत्तर-पूर्वी हवा की दिशा बदलकर दक्षिण-पूर्वी हो गई है। इसलिए प्रदेश में मौसम में अभी विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। तापमान में अब न तो ज्यादा वृद्धि होगी, और न ही गिरावट आएगी।

# अनुसूचित जनजाति समाज हमारी सांस्कृतिक धरोहर और परंपराओं का संवाहक:मुख्यमंत्री



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कहा छत्तीसगढ़ का अनुसूचित जनजाति समाज हमारी सांस्कृतिक धरोहर, परंपराओं और मूल्यों का संवाहक है। मुख्यमंत्री ने लोकसंस्कृति पर केंद्रित डुमन लाल ध्रुव की किताब ‘‘लोक जीवन के बदलते संदर्भ‘‘ और छत्तीसगढ़ी कहानियों के संग्रह ‘‘मन के पाखी‘‘ का विमोचन किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनजाति समाज के विकास और उत्थान के लिए राज्य शासन के प्रयासों के साथ-साथ आप सभी की सहभागिता और समर्पण महत्वपूर्ण है। जनजातीय समाज के कल्याण के लिए यह स्वर्णिम समय है। राज्य और केन्द्र सरकार ने जनजातीय समाज के उत्थान को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने जनजातीय समाज के उत्थान के लिए जो योजनाएं, नीतियां और कार्यक्रम बनाए हैं, उन्हें सफ्ल करने का दायित्व आपका भी है। हम सभी का सौभाग्य है कि हमें यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का मजबूत नेतृत्व मिला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं एक बात आपसे विशेष रूप से कहना चाहता हूं कि हमारी-आपकी प्राथमिकता भले ही जनजातीय समाज है, लेकिन हम और आप प्रदेश के सभी नागरिकों के विकास के लिए जिम्मेदार हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास हमारा ध्येय होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह शपथ समारोह यह बताता है कि आप सभी एकजुट होकर प्रदेश को एक नई दिशा देने के लिए तैयार हैं। प्रदेश के और खासकर जनजातीय समुदायों के विकास के लिए सरकार के प्रयासों के साथ-साथ आप जैसे कर्मठ सेवकों का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में आपका कार्य समाज को प्रेरणा देता है। मुझे विश्वास है कि आपकी सेवाओं के माध्यम से हमारे प्रदेश का हर कोना विकास और समृद्धि की ओर अग्रसर होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं इस मंच से यह कहना चाहता हूँ कि हमारी सरकार आपकी हर सकारात्मक पहल में आपका साथ देगी। हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ को एक सशक्त, आत्मनिर्भर और समावेशी प्रदेश बनाएंगे। आशा करता हूँ कि आपके प्रयास प्रदेश के हर नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएंगे। छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के प्रांताध्यक्ष आर. एन. ध्रुव ने अपने सम्बोधन में समाज की विभिन्न मांगों से अतिथियों को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने उनकी मांगों पर विचार कर उचित निर्णय का आश्वासन दिया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी, समाज के पूर्व प्रांताध्यक्ष सरजियस मिंज, प्रांताध्यक्ष आर. एन. ध्रुव, आर ठाकुर, बी. एल. ध्रुव सहित छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# धान काटने के एक सप्ताह के बाद बेचने के नियम ने बढ़ाई परेशानी

### जिले के 65 उपार्जन केदो में की गई व्यवस्था

**कोरबा।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए सरकार की ओर से जारी दिशा निर्देश के अंतर्गत इस बार भी कोरबा जिले के 65 केंटो में कामकाज शुरू हो गया है। धीरे-धीरे विभिन्न केदो में धान की आवक हो रही है। कई कारण से इस बार व्यवस्था में कुछ बदलाव किया गया है। इसके अंतर्गत उत्पादक किसान के द्वारा अपने खेत से धान की कटाई किए जाने के एक सप्ताह बाद उसका विक्रय का नंबर लगेगा और संबंधित औपचारिकताएं पूरी हो सकेंगे।

41 समितियां के अंतर्गत 65 उपार्जन केंद्र कोरबा जिले के पांच विकासखंड में बनाए गए हैं। पिछले वर्ष भी उपार्जन केदो की संख्या इतनी ही थी। इस प्रकार से इस संख्या में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। जमीनी स्तर पर समीक्षा के बाद यह पाया गया कि जिन इलाकों में धान का उत्पादन किया जा रहा है, वहां के किसानों के लिए विक्रय के संबंध में की गई व्यवस्था पहले की तुलना में अब सहूलियत भारी है।



खबर के अनुसार इस वर्ष कोरबा जिले में धान विक्रय के लिए 51183 किसानों ने अपना पंजीकरण धान विक्रय के लिए किया है। जिले में धान का कुल बोनी रकबा 72 हजार 253.03 हेक्टयेर है।

सरकार की नीति के अंतर्गत प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जानी है। पहले ही इसके लिए समर्थन मूल्य की घोषणा की जा चुकी है और इसके अंतर्गत किसानों को भुगतान किया जा रहा है। इससे पहले धान उत्पादन रकबा का सत्यापन सरकारी टीम की ओर से किया जा चुका है। किसी भी प्रकार की आशंकाओं को दूर करने के लिए अब धान कटाई के दौरान भी सरकारी कर्मचारी की उपस्थिति को अनिवार्य किया गया है और इसके जरिए सुनिश्चित किया जा रहा है कि पूर्व में जो रब्बा सत्यापित हुआ है उसी के हिसाब से यहां पर पैदावार हुई है। धान की कटाई कर लिए जाने के न्यूनतम एक सप्ताह के बाद ही संबंधित उत्पादनकर्त्ता अपने उत्पाद को बेचने की पात्रता तय की गई है। लेकिन इस चक्कर में लोगों को न केवल प्रतीक्षा करनी पड़ रही है बल्कि समय सीमा के लिहाज से भी समस्याएं उत्पन्न हो रही है। किसान समझ नहीं पा रहे हैं कि धान की कटाई के बाद बिक्री करने के मामले में इस तरह का नियम क्यों बनाया गया है।

### अब तक 5568 क्विंटल धान की हुई खरीदी

बताया गया कि मौजूदा सीजन में अब तक कोरबा जिले के 29 केंद्रों में कुल 5568 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। उपार्जित संपूर्ण मात्रा मोटा धान की है। पतला और सरना धान इसमें शामिल नहीं हैं। खरीदी की इस संपूर्ण अवधि में 36 उपार्जन केंद्र ऐसे हैं जहां अब तक धान आने की प्रतीक्षा की जा रही है। इसके लिए तैयारी जारी है।

# पोड़ी उपरोड़ा में हाइवे पर दरार

## कौन कराए सुधार इस पर फंसा पेंच



**कोरबा।** नेशनल हाईवे 130बी में पोड़ी उपरोड़ा के पास एक जगह सड़क पर दरार की उपस्थिति होने के कारण हाड़से हो रहे है। दुपहिया और चार पहिया वाहनों के साथ ऐसी घटनाएं लगातार हो रही है। वही दरार का दायरा बढ़ने से कई प्रकार की आशंकाएं भी निर्मित हो रही है। सड़क ठीक करने की जरूरत जन सामान्य महसूस कर रहा है।

कोरबा जिले में पोड़ी उपरोड़ा के पोस्टमार्टम हाउस के सामने नेशनल हाईवे पर सड़क पर मोटी दरार की उपस्थिति कुछ दिनों पहले नजर आई थी जो समय के साथ बढ़ गई है। इस रास्ते से आवाजाही करने वाले ने बताया कि लगभग 10 से 12 इंच की लंबाई में इस प्रकार का फाल्ट नेशनल हाईवे की सड़क पर होना चिंता का विषय बना हुआ है। यहां से आवागमन करने के दौरान छोटे वाहन के पहिए इसके संपर्क में आने के साथ या तो असंतुलित हो जाते हैं या फिर मौके पर हादसा हो जाता है। घटनाएं उन्हीं मामलों में हो रही है जिन वाहनों के चालकों को इस सड़क पर विसंगति की जानकारी नहीं है। बताया गया कि समय के साथ दरार का दायरा बढ़ रहा है और सड़क पर दबाव बढ़ने के साथ स्थिति और ज्यादा चिंताजनक होती जा रही है। जिस तरह से हाईवे पर इस प्रकार की समस्या बनी हुई है उसके कारण अनहोनी का डर बना हुआ है। तकनीकी जानकारी रखने वाले बताते हैं कि इस पॉइंट पर पैच वर्क कम ही टिकाऊ साबित होगा। इसलिए हाईवे पर खतरों की मौजूदगी का निरीक्षण करने के साथ उनके स्थाई समाधान को लेकर नेशनल हाईवे के अधिकारियों को ध्यान देने के साथ कार्रवाई करने की जरूरत है ताकि संभावित घटनाओं को टाला जा सके। एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेजर डी.डी.पारलावार ने बताया कि पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र में हाइवे का संबंधित हिस्सा एनएच के लोनिवि के अधिकार क्षेत्र में है।

### टोल वसूल रहा एनएचएआई पर सुधार कराने तैयार नहीं

भारत सरकार ने कोरबा को आकांक्षी जिले में शामिल किया है और इसे अलग पहचान देने की मानसिकता बनाई है। सड़क संपर्क मार्ग भी इस कड़ी में शामिल है। जिले से होकर गुजरने वाले एनएच 130बी की सड़क पर क्या समस्याएं हैं इसे लेकर अधिकारी कुंभकर्णी नींद में हैं और जनता परेशान हो रही है। पोड़ी उपरोड़ा से संबंधित समस्या को लेकर कई अधिकारियों से बातचीत होने पर मालूम चला कि समस्या की जड़ पूरे मामले में पेंच फंसा होना है। इस रास्ते पर वाहनों से टोल टैक्स वसूलने का काम एनएचएआई कर रहा है। नोटिफिकेशन भी इस सड़क के मामले में एनएचएआई के नाम पर हो चुका है। जिस इकाई के पास फिलहाल यह सड़क है वह अपनी ओर से कई बार कह चुका है कि एनएचएआई सड़क को अपने अधिकार में ले लेकिन इस बारे में रूचि नहीं ली जा रही है। जानकारी मिली कि हाइवे पर सड़क पर दरार आने और क्रश बेरियर के क्षतिग्रस्त होने को लेकर आगे काम किया जाना है। इसके लिए टेंडर कॉल करना है लेकिन एनएचएआई दिलचस्पी नहीं ले रहा है। इसलिए काम अटके हुए हैं। मौजूदा स्थिति को देखकर लगता है कि लोगों को चंदा कर इस समस्या का सामधान निकालना होगा।

# सीतामणी में पुरानी दीवार के सहारे नया काम, लोगों में बना है भय

### आरोप : आपत्ति जताई तो ठेकेदार ने बुलाई पुलिस



**कोरबा।** लोक निर्माण विभाग के द्वारा कोरबा के सीतामढ़ी क्षेत्र में विश्राम गृह के पास पुरानी दीवार को नया रूप देने की कोशिश की जा रही है आसपास के लोगों ने कामकाज के तौर तरीको पर आपत्ति जताई है। उन्होंने आशंका व्यक्त है कि जिस अंदाज में काम चल रहा है उसे कभी भी हादसा हो सकता है और ऐसे में जिम्मेदारी किसकी होगी।

कोरबा के सीतामढ़ी क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग का विश्रामगृह पिछले कई दशक से चल रहा है। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को इसकी सेवाएं प्रवास के दौरान प्राप्त होती हैं। बीते वर्षों में विश्राम गृह को अच्छा कलेवर देने का प्रयास किया गया है। अब सुरक्षा की दिशा में काम जारी है यहां पर मौजूद बाउंड्री वाल को ऊंचा किया जा रहा है। काफी ऊंचाई वाली बाउंड्री वॉल के सुधार कार्य के मामले में आसपास के लोगों ने इस बात को लेकर आपत्ति दर्ज कराई है कि कामकाज में गुणवत्ता नहीं है और ऐसे में कई प्रकार से मुश्किल हो सकती है। कभी भी हादसे हो सकते हैं।

क्षेत्र के पार्षद ने बताया कि हम लोग बाउंड्री बाल निर्माण का नहीं बल्कि कामकाज की शैली को लेकर विरोध कर रहे हैं। बिना बीम के इस काम को कराया जाना भविष्य में हादसे की आशंका को मजबूत करता है।। पार्षद को ऐसा लगता है कि घटिया क्वालिटी के निर्माण में ठेकेदार के साथ अधिकारियों की मिली भगत है। खबर के मुताबिक लोगों ने जब इस मामले को लेकर विरोध शुरू किया तो ठेकेदार ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए यहां पुलिस बुला ली और लोगों को डराने धमकाने की कोशिश की। लोगों का यह भी कहना है कि जिस प्रकार से यहां पर काम चल रहा है वैसे में बाउंड्री वॉल कभी भी धराशाई हो सकते हैं और इसके बड़े नुकसान हो सकते हैं।



**सस्ती गाड़ियां लेने में दिलचस्पी :** विभिन्न मामलों में पुलिस के द्वारा जब्त की गई गाड़ियों की नीलामी की जा रही है। कोरबा जिले में सबसे अधिक ऐसे वाहनों की संख्या दीपिका पुलिस थाना में है। तहसीलदार की मौजूदगी में नीलामी की प्रक्रिया की जा रही है। थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने बताया कि रायपुर और बिलासपुर के साथ कोरबा जिले के लोग नीलामी में हिस्सा लेने के लिए यहां पहुंचे हैं। वाहनों का परीक्षण करने के साथ लोग उनकी खरीदी के बारे में विचार कर रहे हैं।

# अच्छे परिणाम लाने की जा रही मेहनत

**कोरबा।** जिले के सरकारी विद्यालयों में बोर्ड परीक्षाओं से संबंधित विद्यार्थियों के मामले में अब विशेष तैयारी कराई जा रही है। पठन-पाठन के तौर तरीके भी बदलने पर ध्यान दिया जा रहा है। जिससे कि विद्यार्थी विषय वस्तु को बेहतर तरीके से समझ सके और परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर सकें।

इसके पीछे कारण यह बताया जा रहा है कि हाल में ही जिलाधीश के द्वारा प्राचार्य की एक बैठक ली गई थी जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया कि उन्हें हर हाल में अपने विद्यालयों का परीक्षा परिणाम आदर्श स्थिति में लाने के लिए प्रयास करना ही होगा। इस बारे में किसी प्रकार के कारण और बहाने नहीं चलेंगे। इस बात पर फोकस किया गया कि जब संसाधन के मामले में हर प्रकार से उनकी सहायता की जा रही है और समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है तो ऐसा कोई कारण शेष नहीं रहना चाहिए जिससे की परीक्षाफल के मामले में निराश हो। प्रशासन के निर्देश पर अब विद्यालय में समय सारणी के साथ ही पठन-पाठन को लेकर गंभीरता दिखाई जा रही है। प्राचार्य ने जिम्मेदारी ली है कि वह सभी कक्षाओं की स्थिति पर न केवल नजर रखेंगे बल्कि विद्यार्थियों के स्तर को परखने के लिए भी काम करेंगे।

# भाजपा की विधानसभा स्तरीय बैठक आज

**कोरबा।** जिला भाजपा के चुनाव प्रभारी राजा पांडेय का आज कोरबा आगमन हो रहा है। वे पाली तानाखार विधानसभा में बैठक लेने के बाद कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के चुनाव अधिकारियों की बैठक लेंगे। अब तक बूथों में कराए गए चुनावों की जानकारी लेते हुए हो रही दिक्कतों के संबंध में सुझाव देंगे। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार भाजपा में संगठन का चुनाव काफी दिनों से चल रहा है। सभी बूथों में 30 नवंबर तक चुनाव कराकर रिपोर्ट सौंपनी है। लेकिन कई ऐसे मंडल हैं जहां पर काम काफी धीमी गति से चल रहा है। कोरबा, कोसाबाड़ी, हरदीबाजार नगर मंडल में लगभग चुनाव के काम हो चुके हैं। पाली तानाखार में आयोजित बैठक में मंडल चुनाव अधिकारी के अलावा सभी शक्ति केंद्रों के चुनाव अधिकारी मौजूद रहेंगे। जिला चुनाव सहप्रभारी संजय भावनानी ने बताया कि चुनाव को लेकर हो रही दिक्कतों की जानकारी ली जाएगी। पाली तानाखार में मंडल अध्यक्ष सहित युवा मोर्चा के बृजेश यादव, हिमांशु पांडेय, विवेक मारकण्डे सहित कई शक्ति केंद्रों के चुनाव अधिकारी मौजूद रहेंगे। इसी तरह कटघोरा विधानसभा क्षेत्र की बैठक गेवरा बस्ती में आयोजित की गई है। यहां पर मंडल अध्यक्ष हरीश थरवानी, मनीष मिश्रा, सूर्यप्रकाश शर्मा सहित शक्ति केंद्र प्रभारी मुकुल कर्ष, हनुमान पांडेय, लखन राठौर, विनोद राजपूत, कमलजीत सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। दोनों विधानसभा क्षेत्रों में हो रहे चुनाव को लेकर समीक्षा होगी। इसके अलावा कार्यकर्ताओं को हो रहे दिक्कतों के संबंध में जानकारी ली जाएगी। इस बैठक में मंडल चुनाव अधिकारी जोगेश लांबा, अशोक चावलानी, राजेंद्र पांडेय, प्रफुल्ल तिवारी, सतविंदर बग्गा, धन्नू दुबे, अभिषेक गर्ग, राजेंद्र टंडन, किशन केशरवानी को भी बुलाया गया है।

# ठंड के साथ प्रदूषण में बढ़ोतरी, रहना होगा सावधान

**कोरबा।** ठंड का मौसम लगातार करवट ले रहा है तापमान में गिरावट आने के साथ कोरबा जिले के कोलफील्ड और अन्य क्षेत्रों में प्रदूषण की समस्या गहराती जा रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ ने लोगों को सलाह दी है कि जिले की जलवायु को ध्यान में रखते हुए अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। इस मौसम में लापरवाही बढ़ते जाने का मतलब बड़ी आफत को आमंत्रित करना है।

प्रदेश के साथ-साथ देश के प्रदूषित शहर में कोरबा का नाम शामिल है बिजली घरों से निकलने वाला धुआं और कोयला परिवहन के दौरान कोल्डेस्ट यहां के प्रदूषण को काफी भयानक करती हैं। पिछले कुछ दशक में इन्हीं कर्म से कोरबा जिले में श्वसन संबंधी समस्याओं में विस्तार हुआ है और बड़ी संख्या में लोग इसकी चपेट में आए हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि हर मौसम में अपने आप को फिट रखने के लिए कई प्रकार के उपाय करने जरूरी हैं जहां तक प्रदूषण से जुड़ी समस्या का सवाल है इस वजह से स्वसन तंत्र और उससे संबंधित इससे चपेट में आते हैं और व्यक्ति को कई प्रकार की परेशानी होने लगते हैं। कोरबा जिले में प्रदूषण की समस्या समय के साथ न केवल बढ़ रही है बल्कि काफी लोगों को प्रभावित कर रही है। इस स्थिति में पर्याप्त रूप से खुद का बचाव करने की जरूरत है।

### प्रभावित क्षेत्र और स्वास्थ्य समस्याएं

* श्वसन संबंधी बीमारियां, जैसे अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, और फेफड़ों में संक्रमण।
*ठंड के कारण प्रदूषण के कण अधिक समय तक हवा में स्थिर रहते हैं, जिससे हृदय और फेफड़ों पर दबाव बढ़ सकता है।

### ऐसे करें बचाव

*बाहर निकलते समय एन 95 मास्क पहनें।
* सुबह और शाम के समय, जब प्रदूषण का स्तर अधिक होता है, बाहर जाने से बचें।
*एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर फल और सब्जियां खाएं ताकि शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़े।
*घर में एयर प्यूरीफायर का उपयोग करें।
*नियमित रूप से डॉक्टर से चेकअप करवाएं, खासकर यदि आपको पहले से श्वसन संबंधी समस्याएं हैं।

### संयुक्त मोर्चा प्रबंधन को सौंपेगा ज्ञापन

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा के संयुक्त मोर्चा के द्वारा आज एसईसीएल प्रबंधन से मुलाकात करते हुए ज्ञापन सौंपेगा। जिसमें वे दीपका में बनने वाले ओवरब्रिज के संबंध में अपनी राय व्यक्त करेंगे। संयुक्त मोर्चा का कहना है कि ओवरब्रिज का निर्माण इस तरीके से कराया जाए कि कालोनीवासियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। क्योंकि निर्माण के समय सारा धूल कालोनी में प्रवेश करेगा।

# मसीही समाज ने निकाली खीस्त यात्रा, दिखा उत्साह



**कोरबा।** क्रिसमस का त्योहार दिसंबर में मनाया जाएगा। इससे पहले कई प्रकार की गतिविधियां कोरबा क्षेत्र में मसीही समाज कर रहा है। इसी सिलसिले में कौसाबॉडी के कैथोलिक चर्च से लोगों ने खीस्त यात्रा निकाली। यात्रा में शामिल लोग काफी उत्साहित नजर आए।

परंपरागत रूप से इस यात्रा का आयोजन मसीह समाज की ओर से कोरबा में किया गया। जय घोष के साथ यह यात्रा नेताजी सुभाष चौक ओपन थिएटर से होते हुए वापस अपने प्रारंभिक बिंदु पर पहुंची और यहां पर इसका समापन हुआ। कैथोलिक चर्च कोसाबाडी के प्रमुख अजय कुजूर ने बताया कि खीस्त राजा लोगों के दिल मे बस्ते है। इसी बात को प्रचारित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम किया गया। हमारी यात्रा में लगभग ढाई हजार लोग शामिल हुए। अब से लेकर क्रिसमस तक का कई प्रकार की गतिविधियां शहरी क्षेत्र में संपन्न कराई जाएगी इसके लिए तैयारी की गई है।












स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com